काम ऐसा करो कि पहचान बन जाए।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण




Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, शनिवार 15 नवम्बर 2025 | वर्ष-15 अंक- 86 पृष्ठ - 08 मूल्य 3 रुपए



# बिहार में एनडीए की डबल सेंचुरी

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक लैंडस्लाइड विक्ट्री, राजद हाफ, वीआईपी साफ, कांग्रेस का 6 सीटों पर विराम, महिला वोटरों ने रचा इतिहास

**पटना/नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों में एनडीए ऐतिहासिक लैंडस्लाइड विक्ट्री की ओर बढ़ रही है। समाचार लिखे जाने तक आए रुझान बता रहे हैं कि एनडीए 243 सीटों में से 202 सीटों पर आगे चल रही है या जीत चुकी है। जबकि महागठबंधन 35 सीटों पर सिमटती नजर आ रही है। जाहिर है कि यह जनादेश केवल विपक्ष की खामियों का नतीजा नहीं है बल्कि यह श्रेष्ठ कैंडिडेट, बेहतर नेतृत्व और शानदार स्ट्रैटजी का परिणाम है।

बिहार में 20 साल की एंटी इनकमबेंसी तोड़ते हुए एनडीए फिर से सरकार बनाने जा रही है। भाजपा ने कुल 101 सीट लड़कर 90 जीतीं। यानी स्ट्राइक रेट 90 प्रतिशत। इसी के साथ बिहार में भी भाजपा बड़े भाई की भूमिका में आ गई। वहीं, जदयू 84 सीटों के साथ नंबर-2 की पोजिशन पर आ गई। एनडी ने राहुल-तेजस्वी के 12 में से 5 गढ़ ढहा दिए हैं। इन 12 सीटों पर राजद और कांग्रेस लगातार 3 विधानसभा चुनावों से जीत रही थीं। एनडीए ने महागठबंधन की जीती हुई 85 सीटें छीन ली हैं। महागठबंधन की 35 सीटों में से राजद 25, कांग्रेस 6 सीटें जीती है या आगे है।

### 29 मंत्रियों ने दर्ज की जीत

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड जीत मिली है। एनडीए को मिली इस जीत में 29 मंत्रियों ने जीत दर्ज की है। इनमें प्रेम कुमार, महेश्वर हजारी और संजय सरावगी और अन्य मंत्री शामिल हैं। नीतीश कुमार की सरकार में कृषि मंत्री रहे भाजपा नेता प्रेम कुमार ने गया शहर पर 1990 से लगातार जीत के अपने रिकॉर्ड को कायम रखा है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अखौरी ओंकार नाथ को 26 हजार वोटों से शिकस्त दी। तारापुर से पहली बार चुनाव लड़ रहे बिहार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। राजद के प्रत्याशी अरुण कुमार पर सम्राट चौधरी ने 45 हजार से ज्यादा वोटों की बढ़त बना रखी है। वहीं, लखीसराय से डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा भी 19 हजार से ज्यादा वोटों की बढ़त बनाए हुए हैं। जदयू नेता महेश्वर हजारी नीतीश सरकार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री रहे हैं। हजारी ने कल्याणपुर की अपनी सुरक्षित सीट पर सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के प्रतिद्वंदी रंजीत कुमार राम को 38 हजार वोटों के अंतर से हराया है। उन्होंने लगातार चौथी बार इस सीट पर जीत दर्ज की है। बिहार की जाति आधारित राजनीति में मारवाड़ी चेहरे के तौर पर संजय सरावगी ने लगातार पांचवीं बार दरभंगा की सीट से जीत दर्ज की। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री रहे भाजपा नेता सरावगी ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रत्याशी उमेश सहनी के खिलाफ 24,500 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने 2020 में वीआईपी के टिकट पर जीत हासिल की थी, लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने साहेबगंज सीट पर राजद के प्रत्याशी पृथ्वी नाथ राय को 13 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने भी जीत हासिल की है। वहीं, मोकामा सीट पर बाहुबली अनंत सिंह ने भी जीत दर्ज की है।

### ओवैसी की पार्टी 5 सीटें जीतीं

25 सीटों पर लड़ी ओवैसी की पार्टी ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की है। जोकीहाट से मोहम्मद मर्शीद आलम, कोचाधामन से एमडी सरवर आलम, अमौर से अख्तरुल ईमान, बहादुरगंज से एनडी तौसीफ आलम ने जीत हासिल की है।

## बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया: पीएम मोदी

### बिहार में बंपर जीत के बाद पीएम मोदी पहुंचे बीजेपी ऑफिस और बिहारी स्टाइल में लहराया गमछा

### जश्न में डूबी बीजेपी, अमित शाह और राजनाथ सिंह भी पहुंचे पार्टी कार्यालय



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित बीजेपी हेडक्वार्टर पहुंचे हैं। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने बिहारी स्टाइल में गमछा लहराकर कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया।

पार्टी हेडक्वार्टर पहुंचने के साथ ही पीएम मोदी ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने विकास को चुना है, अब जंगलराज की वापसी नहीं होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने मंच से भारत माता की जय के साथ ही छठी मईया का जयकारा लगाया। इसी के साथ पीएम मोदी ने कहा, यह प्रचंड जीत, अटूट विश्वास, बिहार के लोगों ने बिल्कुल गर्दा उड़ा दिया है। अब कट्टा सरकार आगे कभी वापस नहीं आएगी। उन्होंने इस जीत के लिए एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार के लोगों ने बिना किसी डर या भय के इस चुनावी उत्सव में हिस्सा लिया। पहले कभी जिस बिहार में मतपेटियां लूटी जाती थीं, वहीं आज रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया।

पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह प्रचंड जीत, यह अटूट विश्वास.....हम सभी एनडीए के लोग तो जनता जनार्दन के सेवक हैं। उन्होंने कहा कि हम मेहनत से जनता का दिल खुश करते हैं, और हमने तो जनता जनार्दन का दिल चुराया हुआ हैं, इसलिए आज बिहार ने बतला दिया, फिर एक बार एनडीए सरकार। पीएम मोदी ने कहा, कि बिहार के मतदाताओं ने विकसित और समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया है। इसी के साथ पीएम मोदी ने कहा, मैंने तो चुनाव प्रचार के दौरान, बिहार की जनता से रिकॉर्ड मतदान का आग्रह किया था और देखिए बिहार के लोगों ने सारे रिकॉर्ड ही तोड़ दिए। उन्होंने कहा, बिहार के लोगों से मैंने एनडीए को प्रचंड जीत दिलाने का आग्रह किया था, बिहार की जनता ने मेरा यह आग्रह भी मान लिया। इस प्रकार बिहार की जनता ने विकास चुना है।

इस अवसर पर दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे। बिहार में बीजेपी की शानदार जीत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है।

## पीएम मोदी और नीतीश कुमार सहित कई दिग्गजों ने पंडितजी को किए श्रद्धासुमन अर्पित



**नई दिल्ली।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की आज जयंती है। उन्हे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई दिग्गज नेताओं ने उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था। वह देश के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी चेहरों में से एक थे। उन्होंने 27 मई 1964 को अंतिम सांस ली।

बिहार में हाल ही में हुए चुनावों में पड़े मतों की गिनती की के बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पोस्ट के बाद से सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है—कुछ लोग सोच रहे हैं कि क्या जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नतीजे आने के बाद एनडीए के साथ बने रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुक्रवार सुबह अपने पूर्ववर्ती की जयंती के अवसर पर एक्स के माध्यम से इसी तरह का एक श्रद्धांजलि पोस्ट जारी किया था। कुमार के संक्षिप्त पोस्ट में लिखा था, भारत के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर, मैं उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ.इसके बाद से इस पोस्ट पर नीतीश कुमार की मंशा पर सवाल उठाने वाली टिप्पणियों की बाढ़ आ गई है। एक्स पर कई टिप्पणियों में यह सवाल उठाया गया है कि क्या जेडीयू प्रमुख—जो अपने दलबदल के लिए जाने जाते हैं। चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद अपनी निष्ठा बदलने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि एग्ज़िट पोल ने सत्तारूढ़ गठबंधन की भारी जीत का अनुमान लगाया है—कुछ ने एनडीए को 150 से ज़्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। जेडी(यू) ने भी शुक्रवार सुबह अपनी जीत की भविष्यवाणी करते हुए ज़ोर देकर कहा कि सुशासन की सरकार की वापसी में बस कुछ ही घंटे बचे हैं।

## भारत नहीं चीन में अपनी मुद्रा छपवा रहा नेपाल......विवादित नक्शें को लेकर हुआ था झगड़ा



**नई दिल्ली।** नेपाल की करेंसी पर अब चीन की छाप साफ दिख रही है। कभी अपनी अधिकांश मुद्रा भारत में छपवाने वाला नेपाल आज पूरी तरह चीन पर निर्भर हो चुका है। यह बदलाव सिर्फ आर्थिक कारणों से नहीं, बल्कि नेपाल के विवादित फैसलों और भारतङ्कनेपाल संबंधों में आई खटास की देन है। साल 2015 तक नेपाल के नोट नासिक प्रेस में छपते थे। यह व्यवस्था दशकों तक चली थी। लेकिन एक विवाद के बाद स्थिति बदल गई। नेपाल ने अपने संशोधित नक्शे में भारत के तीन क्षेत्रों—लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी—को शामिल दिखा दिया। लेकिन नेपाल ने भारत की आपत्ति के बावजूद नक्शे में कोई बदलाव नहीं किया गया। इसके बाद भारत ने सख्त रुख दिखाकर कहा कि वह नेपाल की करेंसी नहीं छापेगा। नई व्यवस्था की तलाश में नेपाल चीन की ओर झुक गया, जहां टेंडर में चीनी कंपनी की बोली सबसे कम थी। चीन की सरकारी कंपनी चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ने नेपाल की पूरी मुद्रा छापने का काम अपने हाथ में ले लिया।

नेपाल के पास अपनी करेंसी छापने की क्षमता बेहद सीमित है। चीन ने कम कीमत पर नोट छापने की पेशकश की। उन्नत सुरक्षा फीचर—होलोग्राम, माइक्रो प्रिंटिंग, सिक्योर इंक—चीन बहुत सस्ते में उपलब्ध कराता है। विवादित नक्शा जारी करने से भारत से दूरी बढ़ी, जिससे नेपाल को नया विकल्प खोजना पड़ा। चीन तेजी से बड़ी मात्रा में आपूर्ति कर सकता है, जो छोटे देशों के लिए फायदेमंद है। नेपाल के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश और थाईलैंड भी चीन में अपनी करेंसी छपवाते हैं। इस तरह चीन एशिया का सबसे बड़ा करेंसी प्रिंटिंग हब बन चुका है। चीन ने वह ब्रिटिश प्रिंटिंग यूनिट खरीदी, जो कभी दुनिया के 100 से अधिक देशों की करेंसी छापती थी। इस खरीद के साथ उसकी तकनीक, ग्राहक और डिजाइन सब चीन के हाथ लग गए। इस कदम से चीन ने न सिर्फ एशिया बल्कि यूरोप, अफ्रीका और मध्य पूर्व के कई देशों की करेंसी प्रिंटिंग का बाजार भी अपने नियंत्रण में ले लिया। भारत का इंडिया सिक्योरिटी प्रेस दुनिया की सबसे बड़ी करेंसी प्रिंटिंग प्रणालियों में से एक है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के अधीन काम करता है। वहीं चीन की सरकारी कंपनी आज दुनिया का सबसे बड़ा नोट छापने वाला संगठन बन चुकी है जापान का नेशनल प्रिंटिंग ब्यूरो और अमेरिका का ब्यूरो ऑफ एनग्रेविंग एंड प्रिंटिंग क्रमशः अपनी उन्नत तकनीक और सुरक्षा के लिए प्रसिद्ध हैं। नेपाल का भारत से चीन की ओर रुझान सिर्फ कम कीमत की वजह से नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक खिंचाव का परिणाम भी है।

## दिल्ली धमाके का मुख्य आरोपी उमर के घर में हुआ बम धमाका, मलबे में बदल गया मकान



**जम्मू,।** दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में 10 नवंबर की रात हुए भीषण कार बम विस्फोट के मुख्य आरोपी पुलवामा निवासी डॉ. उमर नबी के पैतृक मकान को सुरक्षा बलों ने देर रात बम से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। बता दें कि दिल्ली धमाके में 13 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हुए थे, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।डॉ. उमर नबी उस हुंडई आई 20 कार को चला रहा था, जिसमें विस्फोटक लदे थे। विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए डीएनए नमूने डॉ. उमर की मां के नमूनों से मेल खाने के बाद उसकी पहचान की पुष्टि हुई थी।

उमर नबी पर आरोप है कि वह पिछले दो वर्षों में कट्टरपंथी बन गया था। जांचकर्ताओं ने बताया कि वह सोशल मीडिया पर कई कट्टरपंथी मैसेजिंग ग्रुप में शामिल हो गया था।जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अंतर-राज्यीय व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में काजीगुंड स्थित डॉ. मुजफ्फर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए इंटरपोल से संपर्क किया है। गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में तीन डॉक्टर शामिल हैं। उनमें से एक डॉ. अदील का भाई है।जांचकर्ताओं ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आठ में से सात कश्मीर से हैं। मुजफ्फर भी उन डॉक्टरों की टीम का हिस्सा था जिसने 2021 में मुजम्मिल गनई और उमर नबी के साथ तुर्की का दौरा किया था। पुलिस के मुजफ्फर का पता लगाने की कोशिश करने पर पता चला कि वह अगस्त में भारत छोड़कर दुबई चला गया था और माना जाता है कि वह वर्तमान में अफगानिस्तान में है।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अल फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता निलंबित कर दी है। एआईयू की महासचिव पंकज मित्तल ने कहा, यह सूचित किया जाता है कि एआईयू के उपनियमों के अनुसार, सभी विश्वविद्यालय तब तक सदस्य माने जाएंगे जब तक वे अच्छी स्थिति में रहते हैं।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर खाई में गिरी कार, 5 की मौत, एक बच्चा भी

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक रतलाम जिले के माही क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गहरी खाई में गिर गई। आवाज सुन आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम सक्रिय हो गईं। काफी देर मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया।

## विस्फोट के बाद दिल्ली में सुरक्षा कड़ी, जगह-जगह हो रही गाड़ियों की चेकिंग

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट और आईजीआई एयरपोर्ट पर बम की धमकी भरे मेल के बाद सीआईएसएफ के साथ मिलकर एयरपोर्ट पुलिस की टीम संयुक्त कार्रवाई कर रही है। एरोसिटी और यहां आने वाले रास्तों पर भी जगह-जगह बैरिकेडिंग करके जांच की जा रही है। कई जगह गाड़ियों को चेक भी किया जा रहा है। डॉग स्क्वॉड को विशेष रूप से जांच में इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे किसी भी संदिग्ध गाड़ी का पता लगाया जा सके। एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों को एडवाइजरी जारी करके कहा गया है कि तीन घंटा पहले एयरपोर्ट पहुंचे। इसके अलावा मेट्रो यात्रियों को 20 मिनट पहले और रेल यात्रियों को एक घंटा पहले स्टेशन पहुंचने के लिए कहा है, जिससे सुरक्षा जांच में लगने वाले समय से यात्रियों को असुविधा न हो और वे सुरक्षा जांच से गुजरकर अपने अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। आईजीआई एयरपोर्ट के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग और पट्रोलिंग बढ़ाई गई है। दिल्ली पुलिस की सभी इकाइयां और सीआईएसएफ टीम सुरक्षा को लेकर काम कर रही है। गाड़ियों की सिक्योरिटी जांच सख्ती से की जा रही है। इनवर्टेड मिरर कैमरा का इस्तेमाल भी गाड़ियों की चेकिंग के लिए किया जा रहा है। बता दें आईजीआई एयरपोर्ट से रोज 1500 से ज्यादा विमान उड़ान भरते हैं। लाखों लोग यहां से दूसरे शहरों के लिए सफर करते हैं।

## सरकार ने दिए अल फलाह विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड ऑडिट के आदेश

### ईडी और अन्य वित्तीय जांच एजेंसियां धन के लेन-देन की करेंगी जांच




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली विस्फोट के बाद चर्चा में आए अल फलाह विश्वविद्यालय के सभी रिकॉर्ड का फॉरेंसिक ऑडिट कराने का आदेश दिया है। इसके अलावा सरकार ने ईडी और अन्य वित्तीय जांच एजेंसियों से हरियाणा स्थित इस संस्थान में धन के लेन-देन की जांच करने को भी कहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद ये फैसले लिए गए। बैठक में लालकिले के पास 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट की जांच की प्रगति की डेढ़ घंटे तक समीक्षा की। सूत्रों ने कहा कि अल फलाह विश्वविद्यालय के सभी रिकॉर्ड का फॉरेंसिक ऑडिट करने का आदेश जारी किया है। सरकार ने ईडी और अन्य वित्तीय एजेंसियों को भी अल फलाह विश्वविद्यालय के धन के लेन-देन की जांच करने को कहा है। हरियाणा में फरीदाबाद जिले के धौज स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय एक निजी संस्थान है, जिसके परिसर में एक अस्पताल भी है। अधिकारियों के मुताबिक हरियाणा नंबर वाली जिस कार में विस्फोट हुआ, उसे डॉक्टर उमर चला रहा था। वह राष्ट्रीय राजधानी के पास फरीदाबाद स्थित विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत था।

जांच एजेंसियों ने विश्वविद्यालय से जुड़े तीन डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। अल फलाह विश्वविद्यालय की वेबसाइट के मुताबिक संस्थान की स्थापना हरियाणा विधानसभा द्वारा हरियाणा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत की गई थी।

## अक्टूबर में थोक महंगाई फिर घटी

### खाद्य और ऊर्जा कीमतों में नरमी

**नई दिल्ली।** भारत की थोक महंगाई चौथे महीने भी नकारात्मक क्षेत्र में रही। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में पिछले महीने की तुलना में अक्टूबर 2025 में (-) 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कीमतों में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं की कीमतों में कमी के कारण हुई। मंत्रालय ने बताया कि अक्तूबर में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में महीने-दर-महीने बदलाव सितंबर 2025 की तुलना में (-) 0.06 प्रतिशत रहा। थोक मूल्य सूचकांक थोक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में औसत बदलाव को मापता है। नकारात्मक महंगाई दर यानी अपस्फीति का मतलब है कि पिछले साल की तुलना में कई अहम वस्तुओं की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### वायुसेना का ट्रेनर विमान क्रैश

**चेन्नई।** भारतीय वायुसेना का एक पीसी-7 पिलाटस बेसिक ट्रेनर विमान शुक्रवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तम्बरम, चेन्नई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खुशकिस्मती से पायलट समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आया, इसलिए किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। वायुसेना ने बताया कि उड़ान सामान्य प्रशिक्षण मिशन का हिस्सा थी। हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी (जांच कमेटी) गठित कर दी गई है, जो घटना की विस्तृत जांच करेगी। घटना स्थल पर राहत और सुरक्षा टीमों को तुरंत भेजा गया। स्थानीय प्रशासन ने भी वायुसेना की मदद की है। इस हादसे के बाद वायुसेना ने कहा कि उड़ानों की सुरक्षा उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और जांच रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### एक्ट्रेस कामिनी कौशल का निधन

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस कामिनी कौशल का आज 97 साल की उम्र में निधन हो गया है। कामिनी कौशल हिंदी सिनेमा की सबसे उम्रदराज एक्ट्रेस थीं। आखिरी बार वो आमिर खान और करीना कपूर स्टारर फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आई थीं। इसके अलावा वो साल 2023 में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म कबीर सिंह में शाहिद की दादी का किरदार निभा चुकी हैं। कामिनी कौशल 40 के दशक की सबसे कामयाब एक्ट्रेसेस में शामिल थीं। बॉक्स ऑफिस इंडिया की टॉप एक्ट्रेस लिस्ट में 1947 और 1948 में वो टॉप एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें साल 2022 में आउटलुक इंडिया की 75 बेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में शामिल किया गया था।

### एक्सप्रेसवे से नीचे गिरी कार, पांच की मौत

**रतलाम।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रतलाम जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर ग्राम भेतिया के समीप एक का कार नियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए खाई में जा गिरी। इससे कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 15 वर्षीय किशोर भी बताया जा रहा है। मृतक मुम्बई के कुर्ला क्षेत्र व गुजरात के वडोदरा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह दिल्ली की तरफ से कार (एमएच-03/ईएल-1388) मुंबई की तरफ जा रही थी । तभी रतलाम जिले के रावटी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीड के ग्राम भेतिया के पास माही नदी की पुलिया के समीप कार अचानक बेकाबू होकर रेलिंग तोड़ते हुए सड़क से नीचे उतरकर 25 फीट से अधिक गहरी खाई में जा गिरी।

### लड़ाकू विमान क्रैश; दोनों पायलटों की मौत

**मास्को।** रूस के करेलिया क्षेत्र में एक एसयू-30 लड़ाकू विमान ट्रेनिंग उड़ान के दौरान क्रैश हो गया। स्थानीय समयानुसार शाम करीब 7 बजे विमान एक खाली इलाके में गिरा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटों की मौत हो गई। हादसे के वक्त विमान में कोई हथियार या गोला-बारूद नहीं था। अब तक हादसे की वजह साफ नहीं है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक तकनीकी खराबी या पायलट की गलती, दोनों संभावनाओं की जांच की जा रही है। रूसी अधिकारियों ने क्रैश साइट से डेटा इकट्ठा करने के लिए एक विशेष आयोग गठित किया है।

### पाकिस्तान में लापता हुई पंजाब की महिला

**अमृतसर।** पंजाब से पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शन करने गए भारतीय सिख श्रद्धालुओं के जत्थे में शामिल एक महिला के लापता होने की जानकारी सामने आई है। लापता महिला की पहचान सरबजीत कौर, निवासी पिंड अमैनीपुर, डाकघर टिब्बा, जिला कपूरथला (पंजाब) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सरबजीत कौर 4 नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 1932 श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ अटारी बॉर्डर के जरिए पाकिस्तान गई थी। जत्था 10 दिनों तक विभिन्न गुरुधामों के दर्शन करने के बाद भारत लौट आया, लेकिन वापसी के समय 1922 श्रद्धालु ही लौटे। सरबजीत कौर जत्थे में शामिल नहीं मिलीं।

# कोरोना काल में प्रशासन ने लिया छह लाख का पेट्रोल, अब तक नहीं किया भुगतान

### पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन

### बैठक में जिला कार्यकारिणी का किया गया गठन, प्रभाकर फिर अध्यक्ष बने

**बांदा।** पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक स्वास्तिक मैरिज लॉन प्रयागराज रोड में विधिवत संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुंवर प्रभाकर सिंह चंदेल ने की। बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री संतोष ढंढारिया जी रहे, प्रमुख वक्ता के रूप में लक्ष्मण सिंह जी एडवोकेट, सुधीर सिंह, राकेश सिंह एडवोकेट रहे। बैठक में शासन व कंपनियों द्वारा डीलर्स को प्रताड़ित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 2017 के बाद डीलर कमीशन तेल कंपनियों द्वारा नहीं ब?ाने व कोरोना कल में जिला प्रशासन द्वारा लगभग छह लाख रुपए का तेल लिया गया लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया गया। 2024 लोकसभा निर्वाचन में प्रशासन द्वारा दिए गए तेल का भुगतान जिसका एक बड़ा भाग प्रशासन ने अभी तक भुगतान नहीं किया। पूंजी व्यापार में अब ज्यादा लग रही है खर्च बढ़ रहे हैं कमीशन 15 वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है। सुधीर सिंह ने बताया कि 2019 से वैट नहीं लग रहा लेकिन सेल टैक्स जबरदस्ती नोटिस देकर डीलर को प्रताड़ित कर रहा है, अवैध धन वसूली कर रहा है। रत्नेश गुप्ता ने बताया कि जिला पंचायत फर्जी तरीके से डीलर को नोटिस देखकर विभव कर की मांग कर रहे हैं, जबरदस्ती दबाव की राजनीति कर रहे हैं। रामबिलास ने बताया कि श्रम विभाग गलत तरीके से डीलर को प्रभावित कर रहे हैं फर्जी तरीके से टैक्स लगाकर साथ ही विभव कर लगाया जा रहा है ना सत्यापन ना जांच- प्रशासनिक तानाशाही की जा रही है। सरकारी एजेंसियों से बिना वैल्यूएशन कराए कर निर्धारण किया जा रहा है, साथ ही कर्मचारियों को भेज कर अवैध धन उगाही में भी विभाग लिप्त हैं जिससे डीलर्स पर भारी आक्रोश व्याप्त है।



भारी संख्या में उपस्थित डीलर भाइयों ने अपनी अपनी समस्याओं को खुले मंच से अवगत कराया कार्यक्रम संचालन अरुण गुप्ता व अभिषेक गुप्ता ने किया। संगठन को मजबूत करने के लिए जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रभाकर सिंह चंदेल को पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह लाला, संजय गुप्ता, संतोष अग्रवाल जी बनाए गए। उपाध्यक्ष रत्नेश गुप्ता, योगेंद्र भदौरिया, शरद ओमर, श्रद्धा निगम, आदित्य सिंह बनाए गए। संगठन महासचिव की जिम्मेदारी अभिषेक गुप्ता को दी गई। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मुदित अग्रवाल, आसिफ म?ीद को दी गई। विधिक सलाहकार विवेक त्रिपाठी को बनाया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी भोला पटेल, सुरेंद्र तिवारी, अमर सिंह, संकल्प अवस्थी को दी गई। संगठन प्रवक्ता के रूप में अरुण गुप्ता को मनोनीत किया गया। कार्य समिति सदस्य अनिल निगम, मानस शुक्ला, आशीष निगम, अशोक, अर्जुन सिंह को बनाया गया। इसके अलावा तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। बांदा तहसील के अध्यक्ष प्रवीण चौरसिया, बबेरू तहसील के अध्यक्ष गणेश सोनी, नरैनी तहसील के अध्यक्ष विमल, अतर्रा सुनील गुप्ता, पैलानी के अध्यक्ष चक्रपाणि अवस्थी को बनाया गया। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के नीति निर्धारक संरक्षक मंडल में संतोष ढंढारिया, प्रद्युम्न दुबे लालू, राधेलाल महोबा अरुण निगम, रामविलास गुप्ता, अयोध्या सिंह पटेल, राकेश सिंह, पवित्र यादव, सुधीर सिंह, दलपत सिंह को बनाया गया। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्रशांत गुप्ता महोबा, अवधेश पालीवाल हमीरपुर, गिरीश अग्रवाल व लक्ष्मण सिंह चित्रकूट बनाए गए।

## » न्यूज कैप्सूल »

### बालदिवस के अवसर डीएम ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**महोबा।** बालदिवस के अवसर पर पी. एम. श्री राजकीय इंटर कालेज, महोबा का जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा पी0एम0 श्री राजकीय इण्टर कालेज, एवं परिसर में संचालित छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया। कालेज तथा छात्रावास के कक्षों की खिड़कियों के काँच टूटे पाये जाने पर तत्काल मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। फर्नीचर की माँग, खिड़कियों में काँच व जाली लगवाने व अन्य कार्य कराये जाने के लिए आगणन तैयार करके प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। जिससे कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराये जा सकें। पी0एम0 राजकीय इण्टर कालेज महोबा में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना होनी है।महोदया द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी हेतु चयनित कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कालेज में विज्ञान क्लब, गणित क्लब, यूथ क्लब, इको क्लब फार मिशन लाइफ के सदस्यों द्वारा प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके साथ ही कालेज में बाल मेले का आयोजन एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। जिलाधिकारी द्वारा प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों से प?ाई एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनकी आवश्यकता के मद्दे नजर समस्या का हल करने के लिए प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार को निर्देशित किया गया। कालेज निरीक्षण के दौरान प्रेमचन्द यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा एवं कालेज का स्टॉफ उपस्थित रहा ।

### टीम के साथ सड़क पर उतरे उप परिवहन आयुक्त झांसी परिक्षेत्र

**सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने वालों की शामत**

**महोबा ।** आज झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के.डी. सिंह गौर ने जनपद महोबा का औचक दौरा किया और महोबा के प्रवर्तन अधिकारियों के साथ स्वयं फील्ड पर उतर कर, अपने पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन कार्यवाही कराई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर एवं पीटीओ नरेंद्र सिंह की टीम ने उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में महोबा के विभिन्न स्थानों पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने तथा मोबाइल पर बात करते हुए वाहन संचालित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अभियान के दौरान कुल 158 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान थाना श्रीनगर के सामने उप परिवहन आयुक्त द्वारा बिना हेलमेट चल रहे वाहन चालकों की काउंसिलिंग भी की गई और उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र के डी सिंह गौर ने बताया कि पूरे बुंदेलखंड में यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा को लेकर जो उदासीनता है, उसके दृष्टिगत जन जागरूकता, प्रचार प्रसार, चालकों की काउंसिलिंग और सख्त प्रवर्तन कार्यवाही साथ साथ चलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली अकाल मौतों की संख्या को न्यूनतम करना परिवहन विभाग का लक्ष्य है और इसके लिए झांसी परिक्षेत्र के सभी जनपदों में इसी प्रकार औचक और व्यापक अभियान चलाए जाएंगे।

### कथा के पांचवे दिन कालिया मानमर्दन व गोवर्धन पूजा का किया वर्णन

**महोबा।** श्री गोपाल महायज्ञ धौंसा मंदिर जैतपुर में आज श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिन कालिया मानमर्दन व गोवर्धन पूजा का वर्णन किया गया उन्होंने बताया कि गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर इंद्र का पूजन करती हैं, जिससे वर्षा होती है।श्रीमद्भागवत में कथा व्यास पंडित राधा मोहन दास जी महाराज ने कहा कि वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है श्रीमद्भागवत में छठे दिन कथा व्यास पंडित अनुराग चंसौलिया ने कहा कि वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है।उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, इसलिए हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। इसके अलावा कालिया मान मर्दन की कथा का भी वर्णन किया गया इस दौरान मंदिर के युवराज महंत श्री श्यामा शरण देवाचार्य जी महाराज ने बताया कि इस समय गोपाल महायज्ञ में सभी लोग साक्षी बनकर इस कार्यक्रम को भव्य दिव्य अलौकिक बना रहे हैं इसमें सभी कमेटी के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## शातिर जालसाजों ने 10 दिन में किए 36 ट्रांजिक्शन

### एटीएम से निकाले महिला के बैंक खाते में आए किसान दुर्घटना बीमा के तहत चार लाख में से तीन लाख दस हजार रुपये

**महोबा।** यूपी के महोबा में शातिर जालसाजों ने किसान दुर्घटना बीमा राशि के तौर पर पीड़ित महिला को शासन से मिली चार लाख रुपये की आर्थिक मदद पर डाका डाल एटीएम की मदद से महज 10 दिन में 36 ट्रांजिक्शन कर उसके बैंक खाते से लाखों रुपये निकाल लिए। बार-बार एसएमएस आने के बाद भी मोबाइल को अनदेखा करती रही पीड़ित अनपढ़ महिला ने दिल्ली में मजदूरी करने के दौरान मोबाइल में आ रहे एसएमएस अपने मैनेजर को दिखाए जिसके बाद बैंक खाते से पैसा निकलने की जानकारी होने पर बैंक और पुलिस के पास पहुँची पीड़िता ने शिकायत दर्ज करा मामले का खुलासा कर पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

दरअसल मामला अजनर थानाक्षेत्र के महुआ बांध गाँव का है। जहाँ के रहने वाले मुकेश के पिता कारी नामक किसान की करीब दो माह पहले तालाब में डूबकर मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार ने शासन से मिलने वाली किसान दुर्घटना बीमा राहत राशि के लिए आवेदन किया था। जिसका पैसा बीते एक नवम्बर को मुकेश की पत्नी चन्द्र देवी के भारतीय स्टेट बैंक की जैतपुर कस्बा स्थित बैंक शाखा के खाते आ गया था। बैंक खाते में पैसा आने के बाद अज्ञात जालसाज ने एटीएम के सहारे दो नवम्बर से 11 नवम्बर के बीच में 36 ट्रांजिक्शन कर 3 लाख दस हजार रुपये निकाल आपदा राहत राशि पर डाका डाल लिया है। जबकि पीड़िता को आवेदन के बाद से अब तक एटीएम नहीं मिला है। लाखों रुपये की जालसाजी का शिकार हुई पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामले का खुलासा कर बैंक अकाउंट से निकाले गए पैसे वापस दिलाने की माँग की है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया है कि उसने एटीएम के लिए आवेदन तो किया था लेकिन आज तक उसे एटीएम नहीं मिला है जबकि उसके बैंक खाते से एटीएम के सहारे अज्ञात जालसाज ने बीते दो नवम्बर से 11 नवम्बर के बीच में 36 बार में तीन लाख दस रुपए निकाल लिए हैं। उसका कहना है कि परिवार सहित दिल्ली में रहकर मजदूरी करती है बार-बार मैसेज आने के बाद जब मजदूरी करने के दौरान अपने मैनेजर को मैसेज दिखाए तो उन्होंने बताया कि आपके एटीएम से पैसे निकाल रहे हैं। जिसके बाद वापस आकर जैतपुर बैंक शाखा में शिकायत दर्ज कराई गई तो उन्होंने भी स्टेटमेंट देकर एटीएम से पैसे निकाले जाने की बात बताई है। बैंक से मिली जानकारी के बाद पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई। ठगी का शिकार हुई पीड़िता ने थक हारकर अजनर थाने में शिकायती पत्र देकर मामले का खुलासा कर बैंक खाते से उड़ाए गए पैसों को वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि जालसाजों ने जिस तरीके से एटीएम के सहारे उसके बैंक खाते से पैसे निकाले हैं उनकी पहचान कर कड़ी कार्रवाई करते हुए पैसा वापस दिलाया जाए। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जाँच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

## हिंदू एकता पदयात्रा में सनातन धर्म सेना की सक्रिय भागीदारी

**चरखारी ( महोबा )।** पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा शुरू की गई हिंदू एकता पदयात्रा में पहले ही दिन से देश-भर से हजारों श्रद्धालु एवं रामभक्त बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

हिंदू राष्ट्र की स्थापना और सनातन धर्म की वैचारिक एकता के आह्वान के साथ प्रारंभ हुई इस पदयात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिलों से लोगों का जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है।

पदयात्रा में सनातन धर्म सेना ने भी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित तिवारी के नेतृत्व में सेना के प्रतिनिधि पहले ही दिन यात्रा स्थल पहुँचे और अपना समर्थन जताया। इस अवसर पर संगठन ने राष्ट्रहित, हिंदू एकता तथा आतंकवाद-विरोधी संकल्प को दोहराया।

महोबा जिले से राममिलन (जिला अध्यक्ष), संजय कुमार (जिला उपाध्यक्ष) सहित 20 कार्यकर्ता शामिल हुए। हमीरपुर जिले से रविन्द्र जी, हिमांशु जी एवं 25 कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में भाग लिया।

इसी प्रकार जालौन जिले से 10 सनातनी साथियों ने उपस्थित होकर यात्रा को समर्थन दिया। सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में किए जा रहे इस महत्त्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

### स्थानीय जागरूकता से अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई

### अमित ज्वेलर्स में चोरी का प्रयास विफल, अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** जनपद के थाना पनवाड़ी क्षेत्रांतर्गत भरवारा में स्थित अमित ज्वेलर्स शॉप में बीती रात्रि चोरी का प्रयास स्थानीय निवासियों की सतर्कता से विफल कर दिया गया। संदिग्ध गतिविधियों पर ध्यान देते हुए ग्रामीणों ने मौके पर ही चोरी के इरादे से दुकान में घुसे अभियुक्तों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

घटना की जानकारी प्राप्त होते ही क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड द्वारा आज घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वादी एवं स्थानीय नागरिकों से विस्तृत पूछताछ कर संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी ली।

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी अर्जुन सिंह को निर्देशित किया कि पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

महोबा पुलिस द्वारा स्थानीय जनता की सतर्कता एवं पुलिस-जन सहयोग की सराहना की गई तथा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार प्रभावी गश्त एवं निगरानी जारी है।

## सिध्दार्थ ज्ञान स्थली विद्यालय में बच्चों ने सजाई दुकानें

### भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का मनाया जन्म दिन

**बांदा।** सिद्धार्थ ज्ञान स्थली विद्यालय, बिजली खेड़ा में शुक्रवार को बच्चों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार की दुकानें सजाकर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन मनाया गया। विद्यालय के प्रवन्धक पूर्व डाइट प्रचार्य रामआसरे निर्मल जी पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया व विद्यालय की प्रधानाचर्या श्रीमती आशा निर्मल ने भी तथागत गौतम बुद्ध जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। प्रबन्धक व विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा निर्मल व टीचर स्टाफ ममता गौतम, सावित्री, श्रीबाबू, नीलू, व ज्ञानेन्द्र राय, विद्यालय के मुख्य अतिथि सुखलाल बौद्ध आदि लोगो ने वन्दना के स्टाल से फिंगर रसगुल्ले, बतासे, चाउमिन हर तरह के खाने का स्वाद चखकर व खरीद कर मेले का उदघाटन किया और बच्चों का उल्लास बढ़ाया। गौरतलब हो कि 20 नवम्बर 1956 से बाल दिवस मनाया जा रहा है। प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। नेहरू जी का निधन 27 मई 1964 दिल्ली में हुआ।



## लेखपाल संघ के स्थापना दिवस पर लेखपालों ने बांटे फल




**चरखारी ( महोबा )।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष उमेश सोनकर के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में मरीजों को फल बांटे और मरीजों का हाल चाल लिया फल वितरण में मौजूदगी में डाक्टर आनन्द कुमार राजपूत, लेखपाल संघ के उपाध्यक्ष रामकुमार, कोषाध्यक्ष सतीश तिवारी, सुभाष यादव, नीरज, संजय बाबू, विवेक यादव, मयंक भूपेन्द्र सिंह निखिल अगिनहोत्री लेखपाल उपस्थित रहे।


## न्यायालय जनपद न्यायाधीश हमीरपुर ( हमीरपुर) उत्तर प्रदेश

**नं. मु.सिविल रिवीजन नं -21 सन 2025**

**वादी**

1-गफ्फार बेग उम्र करीब 67 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. इश्हाक बेग

2-केसर बेग उम्र करीब 40 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. रमजान बेग उपरोक्त निवासीगण मुहाल ग्वालटोली शहर व जिला हमीरपुर उ. प्र. पिन कोड-210310 मोबाइल नं. 7991627550

बनाम

अजमत अली पुत्र सैय्यद स्व. बाकर अली निवासी मुहाल खजरियाना, इंदौर शहर व जिला इंदौर मध्य प्रदेश

**प्रतिवादिया**

चूंकि उपरोक्त नामांकित गफ्फार बेग आदि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आदेश 01-09-2025 के क्रियान्वन पर प्रस्तुत सिविल निगरानी के निस्तारण तक अंतरिम स्थगन आदेश पारित करने हेतु अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 17-11-2025 के दिवस को 10 बजे सुबह में स्वयं या सम्यककोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 14-11-2025के दिवस को निकाली गई है।

**अदालत मुहर**
**आज्ञा से**
**मुंसरिम न्यायालय जनपद**
**न्यायाधीश हमीरपुर ( उत्तर प्रदेश )**

## » न्यूज कैप्सूल »

### मुरैना स्टेशन पर चलाया गया टिकट जांच अभियान

**झांसी।** मुरैना रेलवे स्टेशन पर टिकट चेंकिग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रेनों में बिना टिकट, अनियमित रूप से यात्रा करने वाले, धूम्रपान करने वाले, गंदगी फैलाने वाले कुल 120 यात्रियों से रु.61240. रेल राजस्व वसूला गया । जांच के दौरान विशेष तौर पर गाड़ियों में महिला कोच, दिव्यांग कोच की जांच करते हुए अनाधिकृत यात्रियों को शिफ्ट किया गया।

### रेलवे पेंशनर्स के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र हेतु शिविर का आयोजन

**झांसी।** रेलवे बोर्ड तथा उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रयागराज द्वारा प्रदत्त निर्देशों के कारगिल पार्क, सीपरी बाजार, झाँसी में पेंशनर्स एसोसिएशन ऑफ रेलवेज, झाँसी मण्डल के सहयोग से रेलवे पेंशनर्स द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र प्रेषित करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 35 पेंशनर्स के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट ?ारी कर उनको प्रिंट आउट उपलब्ध कराये गए। लगभग 95 वर्षीय पेंशनर नाथूराम दुबे के चलने फिरने में असमर्थता के कारण उनके निज निवास पर जाकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ?ारी किया गया। उक्त शिविर में मुख्य कल्याण निरीक्षक बी.एस.मीना, सुनील पाठक, एस.के. श्रीवास, अतुल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कनिष्ठ लिपिक गंभीर तथा पेंशनर्स एसोसिएशन ऑफ रेलवेज, झाँसी मण्डल के अध्यक्ष ओ.एस. भटनागर, सचिव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव राम प्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष इन्द्र सेन पाल, आदि उपस्थित रहे।

### बुन्देलखण्ड विकास जन सेवा संस्थान ने बच्चों को कापी पेन का वितरण किया

**समथर।** झाँसी समथर क्षेत्रांतर्गत चिरगांव खुर्द के कम्पोंजिट विधालय में छोटे छोटे बच्चों ने चाचा जवाहर लाल नेहरु के जन्म दिवस को बाल दिवस के रुप में मनाते हुए विधालय प्रांगढ़ में खाने पीने की दुकानें लगाई तो वहीं बुन्देलखण्ड विकास जन सेवा संस्थान के बैनर तले कार्यक्रम के मुख्यातिथि थानाध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत के कर कमलों द्वारा उपस्थित सभी विधालय के बच्चों को कापी व पेन का वितरण करते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया।एवं मौजूद लोगों को जलपान कराया इस मौके पर बुन्देलखण्ड विकास जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा,उमाचरण अग्रवाल,ग्या प्रसाद राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अवधेश अग्रवाल,हरे कृष्ण शिल्पकार प्रधान प्रतिनिधि उत्तम सिंह श्रीवास,साजन अहिरवार, सहाबुद्दीन खां ,रामसरुप सिंह,सहित अध्यापक बन्धु मौजूद रहे।

### राज राजेश्वरी माँ बरी के प्रांगढ़ में दो दिवसीय मेले का हुआ आयोजन

**समथर।** समथर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बागरी के पास राज राजेश्वरी माँ बरी माता के प्रांगढ़ में गांव के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस बार भी दो दिवसीय क्षेत्रीय मेले का आयोजन किया गया जिसमें एक दिन पहले बाहर से आकर विभिन्न दुकान दार अपनी दुकानें लगा लेते हैं तो वहीं खेल तमाशे,विभिन्न प्रकार के झूले व अप्पू घर आदि मेरे में आकर्षण के केन्द्र रहते हैं।गांव व देहातों से महिलाएं व बच्चे मेरे में पहुंच कर जम कर घरेलू समानों की खरीद दारी कर मेरे में लगे विभिन्न प्रकार के झूले व अप्पू घर का जम कर लुफ्त उठाते हैं।तो वहीं आज नौवमी के दिन बरी मां के नाम से गांव गांव में बोए गये ज्वारों को गाजे बाजों के साथ महिलाएं पर सिर पर लेकर मां बरी माता के दरबार में पहुंच कर मां के चरणों में अर्पित करते हैं।श्रद्धालु भक्त जनों का कहना है कि जो भक्त मां के नाम से जवारे होता और माँ। के दरबार में आकर अर्पित करता है उस भक्त पर माँ अपनी कृपा बरसाती है।

### मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल का आयोजन

**समथर।** ग्राम चिरगांव खुर्द में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत थाना समथर क्षेत्र के ग्राम चिरगांव खुर्द के कंपोजिट विद्यालय में मिशन शक्ति टीम द्वारा एक चौपाल का आयोजन किया गया इस दौरान महिला कांस्टेबल जूली, ज्योत्सयाना, ने महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, साइबर अपराध से बचाव, तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही महिलाओं को सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1076, 1098, 181 आदि की जानकारी दी ताकि किसी आपात स्थिति में सहायता की आवश्यकता होने पर वे इनका उपयोग कर सकें यह अभियान में थाना अध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत सहित महिला कांस्टेबल उपस्थित रही।

### सड़क हादसे में महिला की मौत तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र के सड़क हादसे में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्जकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आकौड़ी दुबे निवासी रामकुमार ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि गुरुवार की शाम उनकी पत्नी श्रीकुमारी अपने देवर के साथ और सास के साथ बेटे का मुंडन कराकर इटौरा से लौट रही थी।

# क्रिकेट महाकुंभ: सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट टी-20 प्रतियोगिता का भव्य आगाज़

### मंडल रेल प्रबंधक ने ट्रॉफी से पर्दा उठाकर किया उद्घाटन

**झांसी।** सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित टी-20 अंतर्विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। झांसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने ट्रॉफी का अनावरण करने के उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा रेल कर्मियों की इस लोकप्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट के सचिव मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने टूर्नामेंट की रूपरेखा प्रस्तुत की और प्रशासन द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि क्रिकेट केवल गेंद और बल्ले का खेल नहीं, बल्कि हौसले, जोश, टीम स्पिरिट और आपसी समन्वय का अनूठा उदाहरण है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य कारखाना प्रबंधक (वैगन वर्कशॉप) अजय श्रीवास्तव, मुख्य कारखाना प्रबंधक (ष्टरूक्र) बृजेश पांडे, एडीआरएम (ऑपरेटिंग) एवं खेलकूद अधिकारी नंदीश शुक्ला, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (समन्वय) नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) नीरज भटनागर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक राय सिंह, डायरेक्टर स्नझ्ष्ट बैंगलोर ओ पी शॉ एवं सहायक कार्मिक अधिकारी अशोक मीणा उपस्थित रहे।



### उद्घाटन मैच का रोमांचक मुकाबला

खेले गए उद्घाटन मैच में इंजीनियरिंग विभाग और संकेत एवं दूरसंचार विभाग की टीमें आमने-सामने रहीं। संकेत एवं दूरसंचार विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाए। टीम की ओर से गौरव राय ने 25, जसवंत ने 22 और राजेन्द्र पाल ने 15 रन जोड़े। इंजीनियरिंग विभाग की ओर से प्रदीप और जितेंद्र ने 2-2, जबकि हर्ष और शरीफ ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। जवाब में इंजीनियरिंग की टीम 111 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से जितेंद्र (28), शिवाकांत (26) और सोनू कुशवाहा (24) ने महत्वपूर्ण पारियाँ खेलीं। संकेत एवं दूरसंचार विभाग की ओर से अजय और उमेश मीणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि जसवंत और संजय यादव ने 1-1 विकेट लिए। इस प्रकार संकेत एवं दूरसंचार विभाग ने मैच 18 रनों से जीत लिया। अंपायरिंग संतोष एवं अनुज द्वारा की गई तथा कमेंट्री की जिम्मेदारी आशीष शर्मा ने निभाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अजय को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) नीरज भटनागर द्वारा प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में समिति सदस्य संदीप परिहार, सईद खान, शैलेन्द्र संज्ञा, अनिरुद्ध यादव, मोह. शरीफ, अभिषेक रायकवार, सोहेल खान, बृजेंद्र यादव आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए यूपी डायल -112 के चार पहिया वाहन




**झांसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डायल-112 मुख्यालय, लखनऊ से प्राप्त 07 नवीन चार पहिया आपातकालीन वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नवीन वाहनों की विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन वाहनों में डैशबोर्ड कैमरा, फॉग लाइट, तथा उन्नत तकनीकी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जो पुलिस बल की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाएँगी। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के प्रयोग से पुलिस किसी भी इवेंट/आपात सूचना पर और अधिक त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँच सकेगी, जिससे जनपद की कानून-व्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा। झाँसी पुलिस नागरिक सुरक्षा एवं त्वरित सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार अपने संसाधनों को आधुनिक तकनीक के साथ उन्नत करने की दिशा में कार्यरत है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, प्रभारी डायल-112, तथा अन्य अधिकारियों/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने पुलिस लाइन झांसी परेड ग्राउंड में आयोजित %साप्ताहिक परेड% की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं यथा- जिम्नेजियम हॉल, आरक्षी बैरक, यातायात कार्यालय, आटा चक्की आदि का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही नए रिक्रूट आरक्षियों से वार्तालाप की।

## मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं को सशक्तिकरण और अपराधों से बचाव के उपाए बताए

**झांसी।** कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जिला अस्पताल में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देश पर महिलाओं को अपराधों से बचाव के उपाए बताए।

मिशन शक्ति टीम ने प्रतिभागियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। टीम ने जानकारी दी कि डिजिटल युग में ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया स्कैम, डीपफेक वीडियो और ओटीपी/क्यूआर कोड ठगी जैसे अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में नागरिकों का जागरुक रहना आवश्यक है। टीम ने लोगों ने अपील की कि किसी भी साइबर अपराध की शिकायत तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट 222.ष्4ड्डद्गह्ल्ड्डद्वद्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर दर्ज कराएं।



कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, ताकि जरुरत पड़ने पर उन्हें तत्काल सहायता मिल सके। कार्यक्रम के अंत में, सभी प्रतिभागियों को महिलाओं की सुरक्षा में सहयोग करने, कानून का पालन करने और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की शपथ दिलाई गई। यह अभियान नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं में जागरुकता और आत्मरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर कोतवाली थाना की एसएसई किरन रावत, महिला आरक्षी अनुराधा, उमा शर्मा और प्रीति मौजूद रही।

## डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए

### डेटा अपडेट, एचआरपी चिन्हीकरण, प्रसव सेवाओं, टीकाकरण और एनआरसी प्रगति में तेजी लाने के निर्देश

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरसीएच और एचएमआईएस पोर्टल पर लंबित डेटा को वर्क प्लान के अनुसार नियमित रूप से अपडेट किया जाए, ताकि वास्तविक प्रगति का सही आकलन हो सके। एचआरपी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने छिरिया, कदौरा, बाबई और उरई अर्बन क्षेत्र के बघौरा तुफैलपुरवा में चिन्हीकरण प्रगति अत्यंत कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में आगामी माह के लक्ष्य के सापेक्ष ही नहीं, बल्कि राज्य औसत से भी अधिक प्रगति सुनिश्चित की जाए। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में डकोर, पिण्डारी, नदीगांव, माधौगढ़, छिरिया, बाबई और कदौरा ब्लॉकों की भौतिक प्रगति सबसे कम पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रसव इकाई के रूप में विकसित किया जाए तथा ब्लॉक नोडल अधिकारी, एसीएमओ एवं एमओआईसी सतत समन्वय बनाए रखकर प्रगति में तत्काल सुधार करें। जिलाधिकारी ने बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण और परिवार कल्याण कार्यक्रमों की धीमी प्रगति लगाई फटकार। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी डॉक्टर अपने ओपीडी प्रदर्शन और लैब परीक्षणों की प्रगति रिपोर्ट में सुधार सुनिश्चित करें।एफबीएनसी पोर्टल के अंतर्गत एनआरसी कार्यक्रम की स्थिति अत्यंत धीमी पाई गई। वेड ऑक्यूपेंसी दर मात्र 27 प्रतिशत दर्ज की गई, जो लक्ष्य के सापेक्ष काफी कम है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ब्लॉकों से प्रत्येक माह न्यूनतम 25 अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसी में भर्ती कराया जाए। साथ ही कोंच, कालपी, जालौन, माधौगढ़, जिला महिला चिकित्सालय एवं पुरुष चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञों को ओपीडी में प्रतिमाह न्यूनतम 10 बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएँ जनसामान्य के जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सभी अधिकारी अपने-अपने ब्लॉक में समयबद्ध एवं लक्ष्य आधारित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## डीएम ने उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक में दिया लंबित मामलों में निस्तारण के निर्देश

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक की गई। जिसमें विभागीय अधिकारियों को औद्योगिक विकास से संबंधित लंबित कार्यों की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा से अधिक लंबित सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि निवेशकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन में तेजी आए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और समयबद्धता औद्योगिक विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं, इसलिए विभागीय अधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें। बैठक में कौंच औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक स्थान की उपलब्धता और आवश्यक सुविधाओं का समय पर विकास, निवेश आकर्षित करने एवं उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अनिवार्य है। इसके साथ ही ऐट टोल प्लाज़ा के पास सड़क पर पेंच निर्माण कार्य पर चर्चा हुई। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि संबंधित प्रकरण में आगड़न तैयार कर लिया गया है और शीघ्र ही प्रेषित किया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु क्रिटिकल गैप से 5.41 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की, जिससे स्थानीय आवागमन में सुधार होगा और व्यापारिक गतिविधियों को सुगमता मिलेगी।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग एवं व्यापार से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान में ढिलाई न बरती जाए तथा सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में उद्योग एवं व्यापार के अनुकूल वातावरण निर्मित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, उपायुक्त उधोग प्रभात यादव, अध्यक्ष हाथ कागज संघ कालपी नरेंद्र तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।




### सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम सख्त, यातायात नियमों का अभियान चलाकर कराएं पालन

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश जारी किए। डीएम ने कहा कि एनएचएआई मार्ग अभी तक गड्ढा मुक्त नहीं कराए गए तथा मार्गों पर बने अवैध कट भी बंद नहीं कराए गए हैं, जो गंभीर लापरवाही दर्शाते हैं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देशित किया कि मार्गों के किनारे झाड़ियों की छटाई समयसीमा में न करने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सड़क मार्गों पर सांकेतिक बोर्ड अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर लगाए जाएं।

जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि शहर के अंदर जहां-जहां अतिक्रमण है, उसे तत्काल हटाया जाए। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट, सीओ व नगर पालिका को संयुक्त रूप से निरंतर अभियान चलाते हुए अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।उन्होंने एसडीएम व एआरटीओ को निर्देशित किया कि रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइविंग, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता सीडी प्रथम सुनील कुमार, एआरटीओ राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर ने निकाली ट्रंप की हवा

## जल्द ही भारतीय मुझसे प्यार करेंगे : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख अब भारतीयों के प्रति नरम पड़ता दिखने लगा है। यह परिवर्तन एक झटके में देखने को मिला है। जब न्यूयॉर्क के मेयर पद पर भारतीय मूल के जोहरान ममदानी के चुने जाने पर उन्होंने जिस तरह से ट्रंप को अमेरिका में चुनौती दी है। उसके कारण ट्रंप को अपने रूप में बदलाव लाना पड़ा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले 10 महीने में भारतीयों को प्रताड़ित करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। टैरिफ में भी भारत को सबसे पहले निशाने पर लिया। ट्रंप ने अवैध भारतीय प्रवासियों को अमेरिका से निकालते वक्त हथकड़ी और बेड़ी पहनाकर भारत वापस भेजा था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी उन्होंने नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ा। ऑपरेशन सिंदूर के समय भी उन्होंने भारत के प्रति जो रुख इख्तियार किया था, वह एक तरह से भारत को नीचा दिखाने वाला काम ही था। न्यूयॉर्क सहित दो अन्य राज्यों में जिस तरह से ट्रंप को पराजय का सामना करना पड़ा है, उसके बाद ट्रंप को समझ आ गया है, कि भारत के खिलाफ वह जो कार्रवाई कर रहे हैं। वह अमेरिका के लिए हितकारी नहीं है। जिस तरह से न्यूयॉर्क के मेयर ने चुने जाने के तुरंत बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भारत की नीतियां जिसमें समाजवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद तीनों शामिल था उसके आधार पर अमेरिका के नागरिकों को अधिकार देने की बात कही। उनकी समस्याओं को हल करने के लिए कहा। उसके बाद से ही ट्रंप के रुख में परिवर्तन आना शुरू हो गया। ट्रंप ने दो हफ्ते में दूसरी बार ट्रेड डील और टैरिफ को कम करने के बारे में बयान दिया है। हाल ही में व्हाइट हाउस में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्गियों गौर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की बात कही। ट्रंप ने कहा, भारत कभी भी अमेरिका के कंज्यूमर प्रोडक्ट का बाजार नहीं रहा है। अमेरिका खुद चीन से कंज्यूमर प्रोडक्ट मांगता है। ऐसी स्थिति में हम भारत के साथ जल्द ही ऐसे संबंध स्थापित कर रहे हैं जिसे भारतीय मुझसे फिर प्यार करने लगेंगे। भारत की तारीफ करते हुए ट्रंप यहां तक कह दिया कि दुनिया की सबसे तेज आर्थिक गति से बढ़ता हुआ मध्यम वर्गी देश है। हिंद प्रशांत सागर क्षेत्र में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण आर्थिक एवं सामरिक साझेदार है। ऐसी स्थिति में अमेरिका के संबंध भारत से बहुत बेहतर होने जा रहे हैं। पिछले 10 महीने में जो तनाव देखने को मिला था वह जल्दी ही दूर हो जाएगा। एक बार फिर भारत और अमेरिका के बीच प्यार परवान चढ़ेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जो नजरिया बदला है, उससे भारत की मुसीबतें कम होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस रुख से एक बड़ी राहत मिलती हुई नजर आ रही है। भारतीय प्रवासियों एवं छात्रों के लिए जिस तरह की नीतियां अमेरिका ने बनाई थीं उसमें भारी शुल्क लगाया था। तरह-तरह की शर्तें लगाई गई थीं। निश्चित रूप से उसमें अब भारत को राहत मिलेगी। भारत और अमेरिका के एक बार फिर बेहतर संबंध स्थापित होंगे। अमेरिका में रह रहे भारतीय छात्रों तथा अमेरिका में जो प्रवासी भारतीय काम कर रहे हैं उन्हें भी ट्रंप के इस बदले हुए रुख से राहत मिलेगी। ट्रंप ने जो कहा है, यदि वास्तव में वह भारत के प्रति इस तरह का रुख बदलेंगे तभी इस पर विश्वास होगा। जिस तरह से पिछले 10 माह में ट्रंप पहले कोई बात कहते हैं। बाद में मुकर जाते हैं, जिसके कारण उन्हें बहुत गंभीर व्यक्ति नहीं माना जा रहा है। अमेरिका में जो बदलाव देखने को मिले, 40 दिन से अधिक शटडाउन लगा रहा। अब जाकर अमेरिकी सीनेट ने बजट पास किया और राष्ट्रपति ट्रंप ने इस पर साइन किए हैं। इससे पहले लाखों लोग नौकरी से बाहर हो गए। अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डोनाल्ड ट्रंप की छवि लगातार खराब हो रही थी, जिसे देखते हुए ट्रंप में जो बदलाव देखने को मिल रहा है वह समय की मांग है। 27 नवंबर से अमेरिका में थेंक्स गिविंग फेस्टिवल शुरू हो जाता है। छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में इस माह के अंत तक या अगले साल की जनवरी माह तक अमेरिका से भारत को बड़ी राहत मिल सकती है। अमेरिका के लिए भारत एक महत्वपूर्ण देश है। भारत के माध्यम से एशिया महाद्वीप में बेहतर संतुलन बनाने के लिए अमेरिका को भारत की जरूरत है। देर आयद, दुरुस्त आयद की तर्ज पर ट्रंप यदि अपनी बातों पर कायम रहे तो निश्चित रूप से भारत के साथ अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के संबंध बेहतर होंगे। यही दोनों देशों के हित में है। दोनों देश के राष्ट्राध्यक्ष, ट्रंप और मोदी एक दूसरे को सबसे अच्छा दोस्त बताते हैं। अब दोनों को यह साबित करने का एक नया मौका होगा।

\- सनत जैन

## राज काज

### प्रदूषण से रोजाना पंजाब में 130 लोगों की मौत

पंजाब और दिल्ली का वायु प्रदूषण एक दूसरे को मात देते हुये नजर आ रहे है। हाल ही में पंजाब से खबर आई है। प्रतिदिन 130 लोगों की मौत प्रदूषण के कारण हो रही है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2023 की रिपोर्ट से इसकी पुष्टि हुई है। पंजाब के नौ शहर सबसे ज्यादा प्रदूषित हैं। पंजाब विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में पंजाब में विभिन्न कारणों से 2,30,000 लोगों की मौत हुई है। इनमें से 48000 मौत वायु प्रदूषण के कारण हुई हैं। दिल्ली में भी वायु प्रदूषण को लेकर जनता सड़कों पर आ गई है। हवा- पानी जीवन जीने का मौलिक अधिकार है। दिल्ली के लोग भी अब सड़कों पर आ रहे हैं। दिल्ली पुलिस आंदोलनकारियों को जेल भेज रही है। पंजाब और दिल्ली की इस लड़ाई में पंजाब मोहरा बन जाता है। दिल्ली की कोई चर्चा ही नहीं करता है। इसको लेकर अब गोदी मीडिया के खिलाफ अब सड़कों पर विरोध हो रहा है। लेकिन इस विरोध की परवाह करता कौन है।

### अब हवा के लिए आंदोलन ?

दिल्ली में पहली बार शुद्ध हवा के लिए आंदोलन हो रहा है। जीवन जीने के लिए सबसे पहले शुद्ध हवा की जरूरत है। रोटी कपड़ा और मकान बाद की जरूरत है। दिल्ली की सड़कों पर हजारों युवा शुद्ध हवा के लिए आंदोलनरत हुए। दिल्ली पुलिस के डंडों से उन्हें शुद्ध हवा तो नहीं मिली, हां पुलिस की गिरफ्तारी जरूर मिल गई। अब लोगों को जीवन जीने के लिए शुद्ध हवा के लिए आंदोलन करना पड़ रहे हैं। इससे ज्यादा शर्म की क्या बात हो सकती है एक तरफ हम तीसरी और चौथी अर्थव्यवस्था की बात कर रहे हैं। वहीं जीवन जीने के लिए शुद्ध हवा भी नहीं जुटा पा रहे हैं। यही भारत की सच्चाई है।

### बिहार विधानसभा का चुनाव और अफवाहें

इस बार का बिहार विधानसभा का चुनाव राष्ट्रीय नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहा है। बिहार विधानसभा को लेकर पिछले कई महीनो से तरह-तरह की अफवाहों का दौर चला। कभी एसआईआर को लेकर, कभी वोट चोरी को लेकर था। कभी केंद्रीय चुनाव आयुक्त को लेकर अफवाहों का दौर चला। सोशल मीडिया और गोदी मीडिया इस बार आमने-सामने थे। इस बार गोदी मीडिया के ऊपर सोशल मीडिया भारी पड़ता हुआ दिखा। बिहार विधानसभा का चुनाव अफवाहों का चुनाव था। इन अफवाहों का लाभ किसे मिला और किसे नुकसान हुआ। इसका पता तो परिणाम आने के बाद ही पता लगेगा।

# चाचा नेहरू : एक युगपुरुष की विरासत



दिलीप कुमार पाठक

आज का दिन महानायक नेहरू जी को समर्पित है। बाल दिवस पण्डित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के प्रति प्यार, स्नेह और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। नेहरू जी बच्चों से बहुत प्यार करते थे और उन्हें चाचा नेहरू कहा जाता था। उन्होंने बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के लिए कई काम किए थे। इसलिए, उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। परम विद्वान प्रेम बाँटने वाले करिश्माई शख्सियत नेहरू के बारे में इतना लिखा गया है, कि कोई भी उनके व्यक्तित्व का अध्ययन करे तो बहुत कुछ समझ सकता है। पण्डितजी केवल एक शख्स नहीं बल्कि अपने आप में एक राष्ट्र थे। भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति में एक ऐसा महानायक हुआ जिनके राजनीति में पदार्पण के बाद वैश्विक परिदृश्य में उत्सुकता बढ़ी कि नेहरू की शख्सियत क्या है? आज कई लोगों को लगता है, कि भारत की ख्याति अब ही बढ़ी है, जबकि सच्चाई यह है, भारत हमेशा से ज्ञानियों की धरती रही है, अपने मुल्क का स्थान हमेशा उच्च रहा है। आज के दौर में भारत में कोई भी पीएम बन जाए किसी की भी इज्ज़त होगी, इसमे कोई ढोल पीटने की बात नहीं है। जानने लायक पहलू यह है कि देश में आज नेहरू के कद को छोटा करने के लिए तरह-तरह से दुष्प्रचार किया जाता है, फिर भी नेहरू का कद विराट होता जा रहा है। आज के नकारात्मक दौर में नेहरू जी का नाम ज्यादा प्रासंगिक हुआ है। हमें आज के दौर में बहुत सोचने की जरूरत है कि ऐसा क्या है कि हम आधुनिक युग में संकीर्णता से ग्रसित होते चले जा रहे हैं। नेहरू ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने जेल में अपने समय का सदुपयोग करते हुए, एक से बढ़कर एक महान पुस्तकें लिख डालीं। आजाद भारत के निर्माता नेहरू जी के बारे में किसी ने क्या खूब कहा था पूरी दुनिया की लोकतांत्रिक राजनीति में एक ऐसा महानायक हुआ, जिसने पूरी दुनिया की लोकतांत्रिक राजनीति को छुआ और राजनीति शुद्ध हो गई। यह सभी को पता है कि देश 1947 आजाद हुआ था, अंग्रेजी सत्ता के बाद बाद भी भारत दुनिया में अपनी संस्कृति और परंपराओं और शांतिप्रिय होने की वजह से काफी नाम कमा रहा था, पूरी दुनिया में भारत के प्रति जिज्ञासा थी, समय - समय पर भारत में महानायक हुए हैं, जिन्होंने भारत सहित पूरी दुनिया को एक नई दिशा दी। ऐसे ही एक महानायक हुए! पण्डित जवाहर लाल नेहरू.... पण्डित नेहरू जब देश के प्रधानमंत्री बने थे, तब देश की एक बड़ी आबादी कपड़े नहीं पहनती थी। भारत - पाकिस्तान दोनों मुल्क एक साथ ही आज़ाद हुए, मुस्लिम लीग पार्टी ने मज़हब के नाम पर पाकिस्तान की मांग की थी, वहीं भारत अपनी रूढ़िवादी सोच को छोड़कर आधुनिकीकरण की राह पर अग्रसर था। पूरी दुनिया की तारीख उठा कर देखा जाए जिस देश में सेना का राजनीतिक दखल रहा है, उस देश ने कभी भी स्थिरता नहीं पाई. आज भी पाकिस्तान लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में स्थिरता प्राप्त नहीं कर सका, वही भारत में कांग्रेस इतनी मजबूत थी, कि उसने सेना पर नियंत्रण भी पाया, एवं ऐसे प्रशासनिक सुधार किए की आज भारत में सेना का कोई भी राजनीतिक दखल नहीं है। यह नेहरू जी की ही बेहतरीन प्रशासनिक व्यवस्था की नज़ीर है। आज़ादी के बाद नेहरू ने अगस्त, 1947 को ब्रिटिश कमांडर इन चीफ को लिखा था, सेना या किसी दूसरे क्षेत्र से जुड़ी नीति में भारत सरकार के आदेश का पालन होना चाहिए, अगर सेना का कोई अधिकारी भारत सरकार द्वारा निर्धारित नीति का पालन नहीं करेगा , तो भारतीय सेना में उसकी कोई जगह नहीं होगी। आज भी सेना को भारतीय प्रशासनिक आदेश की बाध्यता है। पण्डित नेहरू जी अपनी बौध्दिकता, दूरदृष्टि के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं, पण्डित ज़ी ने अपनी दूरदृष्टि और समझ से पंचवर्षीय योजनाएं बनाई उनसे देश को आज भी लाभ मिल रहा है। आईआईटी, आईआईएम, एम्स, इसरो, जैसी आधुनिक अवधारणाएं ज़मीन पर उतार लाए थे। भारत की स्वतंत्रता सेनानी के रूप में योगदान देना, संविधान सभा की अध्यक्षता करना। हरित क्रांति की शुरुआत करना। परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन करना, अंतर्राष्ट्रीय संबंध के लिए गुटनिरपेक्ष नीति अपनाना, शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम करना। वहीं गांधी जी के विचारों का प्रसार करना उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियां रही हैं। सच्चाई यही है कि पण्डित नेहरू जी ने देश को जब सम्भाला, और संवारने का काम किया, जब देश के अधिकांश लोगों को हस्ताक्षर करना भी नहीं आता था..।



बाल दिवस पर विशेष

# साजिश: जिंदगी बचाने वाले डॉक्टर कैसे बने आतंक के सौदागर?

मनोज कुमार अग्रवाल

लालकिला विस्फोट साजिश मामले में उच्च शिक्षित छह डॉक्टरों के नाम जुड़ जाने के बाद कई मिथक टूट रहे हैं जैसे अशिक्षा और बेरोजगारी आतंकवाद को जन्म देती है आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस मामले में शिक्षित और लाखों मासिक की तनख्वाह पाने वाले सभी मुस्लिम दहशतगर्दी की साजिश से जुड़े मिले हैं। सवाल है कि इन्हें कौन रेडिक्लाइज (उग्र कट्टरपंथी ) बना रहा है? जिंदगी देने वाले डॉक्टर ही दहशत फैलाने का औजार कैसे बन गए? ये कौन सी मजहबी तालीम है जो उच्च शिक्षित एम डी डॉक्टर्स का भी ब्रेनवॉश कर उन्हें दहशत फैलाने के नापाक मंसूबों से जोड़ देती है? पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग शहरों में आतंकियों की गिरफ्तारी और विस्फोटक सामग्रियों की बरामदी के बीच सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका होना इस बात का प्रमाण है कि संभवत आतंकियों ने इस घटना को बौखलाहट में अंजाम दिया है, लेकिन इसके साथ यह भी साबित होता है कि आतंकी देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी जड़े जमा चुके है। आतंक का जाल पूरे देश में फैल चुका है। दिल्ली में लाल किले के पास हुए जोरदार धमाके में 12 लोगों की मौत और दो दर्जन से ज्यादा लोगों का घायल होना काफी दुःखद और हृदयविदारक घटना है, क्योंकि यह विस्फोट इतना भयानक था कि लोगों के चिथड़े उड़ गए। धमाके की वजह साफ नहीं है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने इस संबन्ध में कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि आतंकियों ने ही अपने नापाक मनसूबों को अंजाम दिया है।

संभवत दिल्ली में विस्फोट कर आतंकी पूरे देश में यह संदेश देना चाह रहे हैं कि तमाम गिरफ्तारियों के बीच उनका मनोबल गिरा नहीं है। दिल्ली, जो देश की प्रशासनिक और राजनीतिक धुरी है, में लाल किले जैसा ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक स्थान पर धमाका होना, सीधे-सीधे देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया एजेंसियों को चुनौती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में व्यापक छापेमारी चल रही थी और सात संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। इसलिए यह मानना तर्कसंगत होगा कि यह धमाका आतंकियों की बौखलाहट में की गई कार्रवाई हो सकती है, लेकिन इसकी भयावहता इस बात में है कि यह दिखाता है कि नेटवर्क अब भी सक्रिय और संगठित है। आंकड़े और घटनास्थल की विस्तृत जानकारी ने यह संकेत दिया है कि यह कोई साधारण विस्फोट या हमला नहीं था, बल्कि लंबी परतों में फैला एक नेटवर्क चल रहा था। देश में विभिन्न स्थानों से कुल मिलाकर लगभग तीन टन के आसपास विस्फोटक पदार्थ और संबंधित सामग्री बरामद हुई है, और मामला एक व्हाइट कलर आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा बताया जा रहा है यानी प्रोफेशनल्स, छात्र और नागरिक का भी शामिल होना समझ को झकझोर देता है। सबसे स्तब्ध करने वाली बात यह है कि जिन लोगों पर संदेह हुआ उनमें मेडिकल डॉक्टर भी शामिल थे।

## सुविचार

बुद्धिमान का उद्देश्य खुशी को सुरक्षित रखना नहीं, बल्कि दुःख को दूर रखना होता है। - अरस्तु

## प्रसंग

### नागरिक का कर्तव्य

लीबिया के लिबलिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में अलगअलग वार्डों में मरीजों को मुख्य डाक्टर के आने का इंतजार था। नर्स, कंपाउंडर आदि बेंचों पर शांति से बैठे थे लेकिन लंबे कद का एक आदमी लंबा चोगा पहने, चहलकदमी करता हुआ प्रत्येक स्थान और वस्तु का गहराई से निरीक्षण कर रहा था, तभी अपनी ओर आते बड़े डाक्टर को देख कर वह व्यक्ति ठिठका 7 डाक्टर ने पूछा, ÷ऐ मिस्टर, कौन हो तुम? यहां क्या कर रहे हो ? वह व्यक्ति बोला, डाक्टर, मेरे पिता बहुत बीमार है। इस पर डाक्टर बोला, बीमार हैं तो उन्हें यहां भरती कराओ । वह बहुत कमजोर हैं। उन्हें यहां लाना संभव नहीं है । आप चलिए डाक्टर, उस व्यक्ति ने आदरपूर्वक कहा। लेकिन डाक्टर ने उसे झिड़क दिया, क्या बेहूदगी है? मैं तुम्हारे घर कैसे जा सकता हूं? भले ही रोगी मर जाए, फिर भी आप नहीं जा सकते ? वह व्यक्ति बोला। डाक्टर ने उसे डांटते हुए कहा, ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है । तुम्हें मालूम नहीं कि तुम किस से बात कर रहे हो । चीफ सिविल सर्जन से इस तरह बात की जाती है? यह सुन कर वह व्यक्ति तिलमिला गया । इस का उस ने सख्ती से उत्तर दिया, मैं ने अभी तक तो बहुत शराफत बरती है, लेकिन मुझे तुम से बात करने का ढंग सीखने की जरूरत नहीं है डाक्टर 7 तुम भी नहीं जानते कि तुम किस से बात कर रहे हो । अब डाक्टर का पारा चढ़ गया। उसने अस्पताल के वार्ड अटेंडेंट को पुकार कर कहा, इस पागल को पागलखाने भिजवा दो ।

## जरा हटके

### समुद्र में खोए हुए अमेरिका के लिए नई रिसर्च जारी

**वाशिंगटन, ईएमएस।** दूसरे विश्व युद्ध से लेकर बाद की लड़ाइयों में अमेरिकी के 40,000 से ज्यादा सैनिक समुद्र में लापता होने का अनुमान हैं। इन लापता सैनिकों को खोजने में वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। इन सैनिकों की कब्रें अक्सर जहाजों या लड़ाकू विमानों के मलबे के आसपास ही मानी जाती हैं। अब अमेरिकी वैज्ञानिक और रक्षा एजेंसी डिफेंस पीओडब्ल्यू/ एमआईए अकाउंटिंग एजेंसी (डीपीएए) मिलकर एक नई रिसर्च कर रही है, ताकि इन खोए हुए सैनिकों के अवशेषों का पता लगाया जा सके। इस कोशिश के केंद्र में एनवायरमेंटल डीएनए (ईडीएनए) है। इस तकनीक में पानी और तलछट में बिखरे सूक्ष्म डीएनए कणों को पकड़कर यह तय किया जाएगा, क्या वहां कभी मानव अवशेष मौजूद रहे हैं या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक डीपीएए के चीफ ऑफ इनोवेशन जेसी स्टीफन कहते हैं, 'समुद्र के नीचे की जांच बेहद मुश्किल होती है, क्योंकि अक्सर अवशेष बिखर जाते हैं। इसलिए हमने ईडीएनए को एक जैविक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने का फैसला किया।' उनका कहना है कि पारंपरिक समंदर के तल की खुदाई महंगी, धीमी और बार-बार निष्फल रहती है। इसलिए ईडीएनए को एक नया 'बायोलॉजिकल स्काउट' माना जा रहा है। इस पूरी रिसर्च में सबसे पहले साइपन के बंदरगाह की गहराइयों में मौजूद एक विमान का इस्तेमाल हुआ है। इटली और लेक ह्यूरॉन (अमेरिका-कनाडा) के 12 जहाजों और विमानों से पानी और तलछट के नमूने इकट्ठे किए। एक पुराना अमेरिकी विमान ग्रुम्मन टीबीएफ एवेंजर साइपन के समुद्र में है। ये अब मूंगे की चट्टानों में घिर चुका है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 1944 की बैटल ऑफ साइपन में यह विमान गिरा था।

## फोटो ऑफ द डे



पेरु में एक बस के खाई में गिरने से करीब 37 लोगों की मौत हो गयी जबकि करीब एक दर्जन घायल हो गये।

## व्यंग्य

# चुनरी में दाग

अभिमन्यु जैन

महफ़िल में चल रही थी, मेरे कत्ल की तैयारी , मैं, पहुंचा तो बोले , बड़ी लम्बी उम्र है तुम्हारी. जहाँ, चाल, चेहरा, चरित्र में दोगला पन होता है, वहाँ दाग लगना स्वभाविक है। जिनकी कथनी और करनी में अंतर है, उन्हें यश नहीं अपयश ही प्राप्त होना है। आज का प्यार, जैसे व्यापार। लड़की कपड़ों की भाँति मोबाइल बदल रही है, गिफ्ट में मिलना बता रही है। उन्हें मोबाइल पर बात करते सुना, कह रही थी -- मेरी शादी होने वाली है, हो सके तो मुझे भूल जाना , अजय. मैं विजय हूँ, अजय नहीं. हाँ, तो तुम भी भूल जाना और अजय को भी बता देना। खैर, खून, खाँसी, खुशी, बैर, प्रीति, मद्य पान, रहिमन दाबे न दबे, जानत सकल जहान। इसके उल्टा अब प्रीति, याने प्यार, प्रेम, लव को दबाने की जगह उजागर किया जा रहा है। प्यार की अधिकता के चलते छोटा नाम अनेक सरनेम जुड़ने से बड़ा हो गया। जैसे टिनि शर्मा , वर्मा, जैन, अगरवाल आदि। भला हो लिव इन रिलेशन वालों का , यहाँ शादी विवाह , सरनेम बदलने का कोई झनझट नहीं।

हमारा देश जहाँ देवी देवता हमारी आस्था के प्रतीक हैं, आज यह आस्था डवांडोल हो रही है। नियत में खोट के चलते अब लोग दागदार चादर ओढ़ कर खुश हैं कोरोना काल में अस्पताल में जिस तरह की लुटाई हुई- उस से अस्पताल की चादर में सिवाय दाग के कुछ नहीं, बीमार की हालत में सुधार हो न हो असपताल की माली हालत में बहुत सुधार हुआ। देश में भारी विकास की तस्वीर पेश की, मरीज को ओक्सिजन और बेड नसीब नहीं हो पाए। असपताल वालों ने मरीजों को दिन दहाड़े लूटा ED/income टैक्स वालों ने किसी भी अस्पताल में छापा नहीं डाला। महंगे दामों वाले इंजेक्शन नर्स कोट की ज़ेब में डाल, दुकन्दार को बेच आई। और ड्यूटी के बाद नर्स भजन गा रही, मैली चादर ओढ़ के कैसे , द्वार तुम्हारे आऊँ। कहावत है -- जैसा संग, वैसा रंग। इंसान लोमड़ी के साथ नहीं रहता फिर भी लोमड़ी से अधिक शातिर, इंसान शेर के साथ नहीं रहता फिर भी शेर से अधिक क्रूर, और तो और इंसान की वो फ़ितरत है जो कुत्ते के साथ तो रहता है फिर भी कुत्ते जैसा वफादार नहीं।

बहुतों का सोच है, बिना दाग के भी कोई जिंदगी है। आज, दास कबीर जतन से ओढ़ी, ज्यों की त्यों धर दीनि चदरिया, वाला वातावरण नहीं दिखाई पड़ता। नागपुर की कथा वाचक युवति से वृन्दावन में, जो वहाँ पूजा, विधि विधान, कर्म कांड सीखने गई थी, उसके साथ दुष्कर्म हुआ। दीनानाथ आश्रम के महंत ने अनाथ, असहाय, अबला की इज़्ज़त लूट ली। यहाँ यह जानना जरूरी है कि आश्रम आदि के महंत ऐसा क्या खा रहे, जो उन्हें दुष्कर्म करना पड़ रहा। जिन लोगों से हम सदाचार, इमान्दार, निष्पक्ष, निर्भीक रहने की उम्मीद करते हैं, इसमें कई दागदार मिलते हैं। आपने गाना सुना होगा, लागा चुनरी में दाग छुडाऊं कैसे, यहाँ दाग से तात्पर्य, हमारे अच्छे बुरे कर्मो से है। कहते हैं, हम जो कर्म हंस हंस कर बांधते हैं, वे , रो, रो, कर भी नहीं छूटते। जैसी करनी वैसी भरनी - बोया पेड़ बबूल का आम कहाँ से होय । जन्म जन्म की मैली चादर कैसे दाग छुडाऊं? कोई आदमी ऐसा नहीं जिसका जीवन दाग, धब्बों से मुक्त हो, स्वार्थी, लालची, लोलुप, पद, प्रभुता, पैसा में लिप्त व्यक्ति दागदार तो होगा ही..।

## चिंतन-मनन

### सफलता का मार्ग

संग्रह की वृत्ति बहिमरुखता का लक्षण है। साधक क्षणजीवी होता है। अतीत की स्मृति और भविष्य की चिंता वह करता है जो आत्मस्थ नहीं होता। वर्तमान में जीना आत्मस्थता का प्रतीक है। एक साधक कल की जरूरत को ध्यान में रखकर संग्रह नहीं करता, पर एक व्यवसायी सात पीढ़ियों के लिए पूरी व्यवस्था जुटाने में संलग्न रहता है। यह बात सही है कि साधक अशरीरी नहीं होता, शरीर की अपेक्षाओं को वह गौण नहीं कर सकता; पर दैहिक अपेक्षाओं को लेकर वह मूढ़ नहीं हो सकता। उसका विवेक जागृत रहता है। वह अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है और आकांक्षाओं पर नियंत्रण रखता है। कभी-कभी साधक के जीवन में भी स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति जाग सकती है। प्रश्न उठता है कि इन वृत्तियों का उत्स क्या है? कौन-सी अभिप्रेरणा इन्हें उभरने का अवसर देती है? मेरे अभिमत से इन तीन संस्कारों का उद्भव तीन आकारों से होता है। वे तीन आकार हैं- अहं, अश्रम और असंतोष। स्वच्छंदता की मनोवृत्ति वहीं सक्रिय होती है, जहां अहंकार का नाग फन उठाए रखता है। अहंवादी व्यक्ति स्वयं को सब कुछ समझता है। उसे अपने सामने अन्य सभी लोग बौने दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति में वह न तो किसी से मार्गदर्शन ले सकता है और न किसी के नियंत्रण में रह सकता है। सुविधावाद का भाव वहां विकसित होता है जहां व्यक्ति श्रम से जी चुराता है।

## स्वास्थ्य

### कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मददगार है अमरूद

**नई दिल्ली, ईएमएस।** ज्यादातर सर्दियों के मौसम में मिलने वाला फल को आयुर्वेद में ÷हृदय-हितकर फल कहा गया है, जबकि आधुनिक विज्ञान भी इसके गुणों को दिल की सेहत के लिए बेहद लाभकारी मानता है। अमरुद में मौजूद विटामिन-सी, फाइबर, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, अमरूद त्रिदोष नाशक फल है अर्थात यह वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करता है। इसका रस पाचन को सुधारता है और हृदय की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। वहीं आधुनिक दृष्टि से इसमें पाया जाने वाला सॉल्युबल फाइबर शरीर से खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को बाहर निकालता है और रक्त वाहिकाओं में वसा जमने से रोकता है। यही कारण है कि अमरूद को प्राकृतिक कोलेस्ट्रॉल कंट्रोलर कहा जाता है। अमरूद में मौजूद पेक्टिन धमनियों में प्लाक बनने की प्रक्रिया को रोकता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम शरीर में सोडियम के स्तर को संतुलित रखता है, रक्तचाप को नियंत्रित करता है और रक्त वाहिकाओं को रिलैक्स करता है। हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे लोगों के लिए अमरूद किसी नैचुरल थेरेपी से कम नहीं है। यह फल विटामिन-सी और लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स का भी समृद्ध स्रोत है।

# इंडोनेशिया में भूस्खलन से दो की मौत, 21 लापता, बचाव अभियान जारी



**जावा।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भारी बारिश से भूस्खलन हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 21 लापता हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने शुक्रवार को जानाकारी देते हुए बताया कि बचाव दल लापता लोगों की तलाश कर रहा है। क्षेत्र में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते केंद्रीय जावा प्रांत के तीन गांवों में दर्जनों घर प्रभावित हुए हैं। एनडीएमए के प्रवक्ता ने कहा कि भूस्खलन वाले इलाके में गोल्डन ऑवर के दौरान बचाव दल के लिए खोज करना चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद, संयुक्त टीम ने शुक्रवार सुबह बचाव अभियान जारी रखा।

उन्होंने बताया कि अभियान की गति तेज करने के लिए भारी उपकरण तैनात किए गए हैं। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी द्वारा जारी वीडियो में बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों की तलाश करते नजर आए। बचावकर्मी कठिन क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए भारी उपकरण, निकासी उपकरण और हाथ के औजारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अक्टूबर से मार्च के बीच भारी मौसमी बारिश इंडोनेशिया में अक्सर बाढ़ और भूस्खलन का कारण बनती है। यह 17,000 द्वीपों वाला देश है, जहां लाखों लोग पहाड़ी क्षेत्रों या उपजाऊ बाढ़ मैदानों के पास रहते हैं। जनवरी में भी केंद्रीय जावा प्रांत में तेज बारिश के बाद बाढ़ और भूस्खलन में 20 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।



अंकारा में तुर्की के राष्ट्रपति तयीप इरडोजन और साइप्रोट नेता तुफान इरहुमेन एक स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए।

# जापान की पीएम तकाइची ने रात 3 बजे बुलाई बैठक, छिड़ गया विवाद

### जरूरत से ज्यादा लोगों से काम कराने को बाध्य करने की हो रही आलोचना

**टोक्यो।** जापान की पीएम साने तकाइची के जरूरत से ज्यादा काम करने और लोगों को इसके लिए बाध्य करने की आलोचना शुरु हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे रात 3 बजे भी बैठक बुला लेती हैं और करीब 24 घंटे काम करती हैं। काम के बोझ के कारण देश में काफी मौतें होती रहीं है, जिसे करोशी कहा जाता था। माना जा रहा है कि वर्कहोलिक होने की वजह से लोग शादियां नहीं कर रहे और देश की आबादी बूढ़ी होती जा रही है। यहां तक कि इसे रोकने के लिए कानून भी बना, लेकिन क्या खुद पीएम ही उस कल्चर को दोबारा जिंदा कर देंगी?



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम तकाइची ने अपने पहले भाषण में कहा था कि वे वर्क-लाइफ बैलेंस को खत्म कर देंगी और ये मजाक नहीं था। रोज करीब 18 घंटे काम के लिए जानी जाती ताकाइची ने हाल में रात 3 बजे एक बैठक बुलाई, जिसके बाद विवाद छिड़ गया। पीएम के समर्थक इसे अच्छी पहल मान रहे हैं, जबकि आलोचक डरे हुए हैं। दरअसल, इस देश में पहले से ही करोशी कल्चर रहा यानी इतना काम कि लोगों की मौत होने लगी। इसमें बुजुर्गों से लेकर युवा आबादी भी शामिल रही।

एक सरकारी सर्वे में माना गया कि हर 10 में से एक शख्स महीने में करीब 80 घंटे ओवरटाइम करता है। वहीं हर पांच में से एक व्यक्ति करोशी के खतरे में है। इसमें तनाव और नींद पूरी न होने की वजह से स्ट्रोक का खतरा रहता है। जापान में काम को बहुत गंभीरता से लेने की संस्कृति है। कंपनियां अपने कर्मचारियों से उम्मीद करती थीं कि वे देर रात तक काम करें। वीकेंड पर भी ऑफिस आएं और छुट्टियां न लें।

बता दें दूसरे वर्ल्ड वॉर के दौरान जब हिरोशिमा-नागासाकी पर परमाणु हमला हुआ था, तब भी इस तरीके से शहर दोबारा बस सके। तो मान लिया गया कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं। 60 के दशक में जापान में इकनॉमिक ग्रोथ बढ़ी। कंपनियों और कारखानों में देर तक काम करने वाले कर्मचारी चाहिए थे। लोगों से ओवरटाइम करवाया जाने लगा और बढ़ते-बढ़ते ये कल्चर लोगों की आदत बन गई।

# यूक्रेन में एक तरफ जंग और दूसरी घोटाला, जेलेंस्की ने दो मंत्रियों को किया बर्खास्त

### यह घोटाला परमाणु ऊर्जा कंपनी में करोड़ों डॉलर की हेराफेरी और कमीशन से जुड़ा

**कीव।** यूक्रेन एक और रुस से युद्ध की मार झेल रहा है वहीं उसके अंदर बड़ी हलचल मच गई है। यूक्रेन में बड़े घोटाले के बीच देश के न्याय मंत्री और ऊर्जा मंत्री ने इस्तीफा दे दिया है। यह घोटाला सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी में करोड़ों डॉलर की हेराफेरी और कमीशन से जुड़ा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स में राष्ट्रपति के करीबी सहयोगी का नाम सामने आया है। भारी दबाव के बाद जेलेंस्की ने दोनों मंत्रियों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए। वह पहले रक्षा मंत्री को भ्रष्टाचार के चलते हटा चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक एनएबीयू ने 2024 की गर्मियों में अपनी जांच शुरू की। खास तौर पर इसने सरकारी कंपनी एनर्जोएटम के कारोबार की जांच की, जो यूक्रेन में चार परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का संचालन करती है। इस ऑपरेशन को ग्रीक मिथक के राजा मिडास के नाम पर मिडास नाम दिया था, जो जिस चीज को छूते थे उसे सोने में बदल देते थे। जांच ??दल का नेतृत्व कर रहे ओलेक्सांद्र अबाकुमोव ने एनएबीयू के यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में बताया कि 10 नवंबर की सुबह उच्च पदस्थ अधिकारियों के यहां करीब 70 बार तलाशी ली गई। जांच में हजारों घंटों की ऑडियो रिकॉर्डिंग एकत्र की गईं, जिससे ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में एक उच्च पदस्थ आपराधिक समूह के खिलाफ सबूत मिले।

## अमेरिका ने यूरोप के चार वामपंथी समूहों को घोषित किया आतंकवादी संगठन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने यूरोप के चार वामपंथी समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह कदम रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के बाद वामपंथियों के खिलाफ कार्रवाई के ट्रंप के आह्वान के बाद उठाया गया। ये समूह यूरोप में सक्रिय हैं और अमेरिका में इनकी कोई गतिविधि नहीं है। इनमें 2003 में यूरोपीय आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष को विस्फोटक पार्सल भेजने वाला इतालवी अराजकतावादी मोर्चा, एथेंस में पुलिस और श्रम विभाग के भवनों के बाहर बम लगाने के संदिग्ध दो यूनानी समूह और जर्मनी में नव-नाजियों पर हथौड़े से हमले के मामले में शामिल फासीवादी विरोधी समूह शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन ने कहा कि अराजकतावादी चरमपंथियों ने अमेरिका और यूरोप में आतंकी अभियान चलाए हैं। अपने क्रूर हमलों के जरिए पश्चिम सभ्यता की नींव को कमजोर करने की साजिश रची है।

## आज का इतिहास 15 नवंबर

1577 इंग्लैंड के सर फ्रांसिस ड्रेक समुद्र मार्ग से दुनिया की यात्रा पर निकले।

1621 जहांगीर के सैनिकों ने कांगड़ा किले पर कब्जा किया।

1889 ब्राजील नरेश पेड्रो द्वितीय ने गद्दी छोड़ी और ब्राजील गणराज्य बना।

1913 रवींन्द्र नाथ ठाकुर को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिए जाने की सूचना मिली।

1935 मैनुअल क्वेजान फिलीपींस के पहले राष्ट्रपति बने।

1949 महात्मा गांधी के हत्या के सिलसिले में नाथुराम विनायक गोडसे और नारायण दत्तात्रय आप्टे को फांसी दी गई।

1956 संयुक्त राष्ट्र की आपात सेना मिस्त्र पहुंची।

1976 सिरीयाई सेना ने बेरूत पर पूरा नियंत्रण कर लिया।

1982 विनोबा भावे का निधन।

1989 पश्चिमी किनारे के फिलीस्तीनियों ने स्वतंत्रता की घोषणा की पहली वर्षगांठ मनाई।

1990 अमरीका और सऊदी अरब ने संयुक्त सैन्य अभ्यास किया।

2000 मशहूर कन्नड अभिनेता राजकुमार 109 दिनों पश्चात कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन के चंगुल से छूटकर रिहा।

2003 इस्तानबूल में यहुदियों के दो पूजा स्थलों के समीप हुए बम विस्फोट में 15 मरे व 140 घायल।

## लॉफिंग ज़ोन

एक कंजूस व्यक्ति पहली बार डाक्टर के पास गया. डाक्टर के कक्ष के बाहर उसकी फीस का चार्ट लगा था जिस पर लिखा था-पहली बार दिखाने पर सौ रुपये और दूसरी बार दिखाने पर 50 रुपये. उस व्यक्ति ने 50 रुपए बचाने की गरज से डाक्टर से कहा, डाक्टर साहब नमस्कार, दोबारा आपसे मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई. जवाब में डाक्टर हल्का सा मुस्करा दिया. उसके बाद डाक्टर ने उसका मुआयना किया. व्यक्ति ने डाक्टर से पूछा कि आखिर मुझे क्या बीमारी है?

'कुछ खास नहीं, आपको वही है जो मैं पिछले तीन बार से बताता आ रहा हूं.' डाक्टर ने जवाब दिया.

☺ ☺ ☺

## प्रसंगतः अद्भुत मांग

प्रख्यात संत बाबा गुलाब चंद अघोरी अपने अद्भुत चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध थे। उनके चमत्कार देखकर लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते थे। लोगों को लगातार चमत्कार दिखाते-दिखाते बाबा ने उनमें महारत हासिल कर ली। इससे उनमें अभिमान आ गया। उन्हें अहसास हो गया कि वह कुछ भी कर सकते हैं। वह जिन लोगों से मिलते, अपने चमत्कारों या अपनी सिद्धियों की चर्चा जरूर करते। एक दिन बाबा गुलाब चंद संत साहित्य के लेखक सुदर्शन सिंह 'चक्र' की एक कविता पढ़कर गदगद हो उठे। चक्र जी की कविता से बेहद प्रभावित होकर उन्होंने उनसे कहा, 'आज तुम जो मांगोगे वही मिलेगा। मांगो, दिल खोलकर मांगो।' बाबा की बात पर चक्र जी बोले, 'नहीं बाबा, मुझे कुछ नहीं चाहिए। बस मैं भगवान की भक्ति तथा साहित्य की साधना करता रहूं, यही मेरी आकांक्षा है।' चक्र जी के यह कहने पर भी बाबा बार-बार उनसे आग्रह करते रहे और बोले, 'आज मैं अपनी ओर से पहली बार आग्रह कर रहा हूं। नहीं मांगोगे तो बाद में पछताओगे।' यह सुनकर चक्र जी ने कहा, 'बाबा मैं जो मांगूंगा, उसे आप दे भी पाओगे या नहीं, पहले यह विचार कर लीजिए।' इस पर बाबा बोले, 'नहीं, तुम जो मांगोगे वह अवश्य मिलेगा, मैं तुमसे वादा करता हूं।' इसके बाद चक्र जी बोले, 'बाबा, तो आप यह आशीर्वाद दीजिए कि भारत में जितने रोगी हैं वे सब निरोगी हो जाएं, जो दरिद्र हैं वे दरिद्र न रहें।' चक्र जी की अद्भुत मांग सुनकर बाबा हैरान हो गए और फूट-फूट कर रोने लगे। वह चक्र जी के सामने नतमस्तक होकर बोले, 'आज तुमने मेरा अभिमान नष्ट कर दिया। आज मुझे यह पता चल गया है कि मनुष्य सभी कुछ करने की क्षमता नहीं प्राप्त कर सकता। चाहे वह कितनी ही सिद्धियां प्राप्त कर ले, वह अक्षम ही रहेगा। सर्व सक्षम तो केवल ईश्वर है।' बाबा की बात सुनकर चक्र जी वहां से चले गए।

## दैनिक पंचांग

**15 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.23 ब.से |
| चंद्र | कन्या में | धनु | 08.39 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.45 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.31 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.04 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.34 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.15 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.13 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.26 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | सिंह | 23.42 बजे से |
| | | कन्या | 01.54 बजे से |
| | | तुला | 04.05 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 319 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 02.38 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 23.35 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 06.26 बजे को समाप्त। **करण** बव 13.41 बजे तदनन्तर बालव 02.38 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 29' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872529 **जूलियन दिन** 2460994.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 23 **विशेष** उत्पन्ना एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदउय पूर्वे तिथि एकादशी, शनिवासरे, उ.फा. नक्षत्र, वैश्य योगे, ववकरणे, कन्या की चंद्रमा, उत्पन्ना एकादशी व्रत, जीर्ण गृह प्रवेश वाहन क्रय विक्रय मुहूर्त तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, धनी तथा कमीशन एजेन्ट तथा दलाल, बैंक कर्मचारी, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर होगा।




मेष राशिः अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, कार्य कुशलता से संतोष होगा, समय का ध्यान रखें।

वृष राशिः शारीरिक क्षमताओं में कमी, उदासीनता, विरोधी तत्वों से बचिये, रुके कार्य बनेंगे।

मिथुन राशिः विशेष कार्य स्थिगित रखें, दूसरों के कार्यों में परेशानी, चिन्ता बनेगी, ध्यान से कार्य करें।

कर्क राशिः तनाव, धन और समर्थ फलप्रद हो, महत्व के सभी कार्य एक-एक कर समय पर बना लें।

सिंह राशिः चिन्ता, विभ्रम तथा अशांति से बचिये, विरोधी तत्व परेशान अवश्य करेंगे।

कन्या राशिः व्यर्थ क्लेश व अशांति से बचिये, विरोधी तत्व आपको अवश्य परेशान करेंगे सावधान रहें।

तुला राशिः प्रयत्न सफल हो, मित्र-वर्ग से तनाव व अशांति, मानसिक विभ्रम अवश्य बनेगा।

वृश्चिक राशिः कार्य-कुशलता से संतोष, सामाजिक कार्यों में प्रभुत्व वृद्धि होगी, समय का ध्यान रखें।

धनु राशिः चिन्ता निवृत्ति, अर्थ लाभ, योजनायें फलीभूत होंगी, समय का ध्यान अवश्य रखें।

मकर राशिः मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य बनेंगे, घटना का शिकार होने से बचें।

कुंभ राशिः किसी आरोप से बचिये, कार्यगति अनुकूल होगी, सावधानी से कार्य करें।

मीन राशिः स्थिति नियंत्रण में रखें, स्त्री-वर्ग से तनाव, क्लेश व अशांति की स्थिति बनेगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# फ्रांस ने दिखाई परमाणु बम से लैस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल एएसएमपीए-आर

### राफेल एम फाइटर जेट ने किया इस मिसाइल के परीक्षण का अभ्यास

**पेरिस।** फ्रांस की नौसेना ने दुनिया को पहली बार परमाणु हमला करने वाली अपनी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल एएसएमपीए-आर दिखाई है। इस परमाणु मिसाइल को फ्रांसीसी नौसेना के नेवल न्यूक्लियर एविएशन फोर्स के राफेल एम फाइटर जेट पर लगाया था। फ्रांसीसी नौसेना ने इस मिसाइल के परीक्षण का अभ्यास किया है। इस मिसाइल के अंदर परमाणु वारहेड को नहीं लगाया गया था। फ्रांसीसी नौसेना ने ऑपरेशन के तहत इस परमाणु मिसाइल का अभ्यास किया। इस परीक्षण में परमाणु हमले का अभ्यास किया गया।

फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एएसएमपीए-आर मिसाइल को 10 नवंबर को आधिकारिक रूप से नेवल न्यूक्लियर एविएशन फोर्स में शामिल किया गया था।

एएसएमपीए-आर मिसाइल 2023 से ही ऑपरेशनल है लेकिन अभी तक यह रणनीतिक एयरफोर्स जो फ्रांसीसी वायु और स्पेस फोर्स का हिस्सा थी। फ्रांस की वायुसेना और नौसेना दोनों ही राफेल फाइटर जेट का इस्तेमाल इस मिसाइल को लांच करने के लिए करती हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के अधिकारियों ने पिछले साल एयरफोर्स के राफेल जेट के इस मिसाइल के साथ उड़ने की तस्वीर जारी की थी। यह तस्वीर पहली बार सामने आई है। हालांकि इस मिसाइल की तस्वीर को ब्लर किया था। फ्रांस की नौसेना के पास एकमात्र परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर चार्ल्स डी गाले है। यह अमेरिका को छोड़कर नाटो का एकमात्र युद्धपोत है जो परमाणु बम लेकर चलता है। हालांकि यह एयरक्राफ्ट कैरियर सामान्य गश्त नहीं करता है। नई एएसएमपीए-आर मिसाइल की रेंज पहले की एएसएमपी-ए मिसाइल तुलना में ज्यादा है। एएसएमपीए-आर परमाणु मिसाइल की रेंज 600 किमी है। इस मिसाइल स्पीड मैक 3 तक हो सकती है।

एक्सपर्ट का कहना है कि सुपरसोनिक स्पीड और लंबी रेंज की वजह से अब फ्रांस सफलतापूर्वक दुश्मन के लक्ष्य को तबाह कर सकता है। वहीं फ्रांस यह भी सुनिश्चित कर सकता है कि उसका राफेल जेट दुश्मन की रेंज से दूर बना रहे।

## ये क्या हुआ- सीपीईसी का हुआ खस्ता हाल, चीन की कंपनियां समेट रही कारोबार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने खुद ही अपनी सबसे बड़ी आर्थिक उम्मीद को तबाह कर दिया। वरिष्ठ पाकिस्तानी मंत्री अहसान इकबाल ने खुले शब्दों में स्वीकार किया है कि देश चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) जैसी 60 अरब डॉलर की खेल-परिवर्तनकारी परियोजना से भी कोई वास्तविक लाभ नहीं उठा सका। इकबाल ने कहा कि चीन ने मुश्किल समय में पाकिस्तान की मदद की, लेकिन विरोधियों ने चीनी निवेश को 'बदनाम' करने की कोशिश की और उन्हें पाकिस्तान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। अखबार ने अपनी खबर में कहा कि यह दुर्लभ था कि किसी वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ने स्वीकार किया हो कि सीपीईसी के उद्देश्य हासिल नहीं किए जा सके।

रिपोर्ट के अनुसार, इकबाल ने माना कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बार-बार संभलने के मौके खुद बर्बाद करती रही, और सीपीईसी जैसी रणनीतिक परियोजना को भी कुप्रबंधन, राजनीति और झूठे प्रचार की भेंट चढ़ा दिया गया। यही वजह है कि चीन की कंपनियां धीरे-धीरे पाकिस्तान से अपना बोरिया-बिस्तर समेटने लगी हैं। दिलचस्प बात यह है कि चीनी हुक्मरान भी अब पाकिस्तान की मदद करने में असमर्थ हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### भड़काऊ पोस्ट करने वाले एडवोकेट के खिलाफ मामला दर्ज

**ग्वालियर।** सोशल मीडिया पर अभद्र और भड़काऊ पोस्ट करने वाले एडवोकेट राय सिंह बौद्ध के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज किया है। जबकि जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले ही कलेक्टर द्वारा धरना, प्रदर्शन और भड़काऊ पोस्ट डालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इस संबंध में बुधवार को उच्च न्यायालय जबलपुर ने आदेश जारी किया है। इसके बाद भी सोशल मीडिया पर एडवोकेट राय सिंह बौद्ध ने एक समाज के लिए आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट की है। इतना ही नहीं, इसे ज्यादा से ज्यादा लाइक और शेयर करने की बात कही है। कलेक्ट्रेट से मिले पत्र के बाद क्राइम ब्रांच ने मामला संज्ञान में लेते हुए एडवोकेट बौद्ध पर मामला दर्ज किया है।

### जिम ट्रेनर ने ट्रांसजेंडर के साथ बनाये अप्राकृतिक संबंध

#### ट्रेनर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर थाना पुलिस ने एक ट्रांसजेंडर के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के आरोप में जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया है।

विजयनगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया है। जिम ट्रेनर के खिलाफ देवास निवासी एक पीड़िता ने जो मॉडलिंग का काम करती है। शिकायत दर्ज कराई है। जिम ट्रेनर से मुलाकात होने के बाद इन दोनों के बीच चैट होने लगी थी। पी?ता ने खुद के ट्रांसजेंडर होने की बात बताई आरोपी को बताई। इंदौर मे उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाए।

आरोपी ने किन्नर से लड़की बनने के लिए उसे मजबूर किया। उसका इलाज डॉक्टर के पास चल रहा है। उससे अलग-अलग समय पर 20 से 25 लाख रुपए इस जिम ट्रेनर ने वसूल किए हैं। जिम ट्रेनर की धमकी और उसकी प्रताणना से परेशान होकर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वतती महाराज का आगमन आज

**जबलपुर।** द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आगमन आज जबलपुर दोपहर 2 बजे हो रहा है महाराज श्री का प्रवास 15 नवम्बर से 18 नवम्बर तक प्रदीप चौहान के चौहान फार्म हाउस तिलवाराघाट के आगे चरगवां रोड़ देवजी नेत्रालय के बाजू में रहेगा। महाराज श्री के दर्शन एंव आशीर्वाद का समय प्रात:10 से 12बजे तक रहेगा साथ ही महाराज श्री शहर में विभिन कार्यक्रमों मे आशीर्वाद प्रदान करेगें। सभी गुरुभक्तों से उपस्थिति की अपील प्रदीप चौहान, राजेश खम्परिया, संतोष दुबे, संदीप जैन, आचार्य आशुतोष दीक्षित राजेश दुबे,विक्रम पुरवार आदि ने की है ।

### बजाज 'बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ फंड लॉन्च

**जबलपुर।** बजाज फिन्सर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना, बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड, की शुरुआत की घोषणा की है। यह नया फंड ऑफर (एनएफओ) 10 नवंबर 2025 को सदस्यता के लिए खुला और 24 नवंबर 2025 को बंद होगा। इस फंड को निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज टीआरआई के समकक्ष बेंचमार्क किया गया है। पिछले दो दशकों में, इस क्षेत्र का बाजार पूंजीकरण लगभग 50 गुना बढ़ गया है, जो तीव्र डिजिटलीकरण, बढ़ती ऋण पहुँच, वित्तीय समावेशन और साहसिक नियामक सुधारों के कारण संभव हुआ है।

### पुताई के दौरान करंट लगने से मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत लक्ष्मीनारायण परिसर नशा मुक्ति केंद्र के पास अमखेरा में पुताई के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई7 पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है( गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बादा नगर अमखेरा निवासी 19 वर्षीय हिमांशु बर्मन को उसके पिता राजकुमार बर्मन ने गत दिवस लगभग 11 बजे पुताई के काम से धनीराम रजक के मकान लक्ष्मीनारायण परिसर नशा मुक्ति केंद्र के पास अमखेरा में छोड़कर आया था7 उसके पिता राजकुमार ने गत शाम लगभग 4 बजे अपने छोटे भाई राम बर्मन को फोन पर बताया कि हिमांशु अभी तक घर नहीं आया है।

# जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री आ रहे, पीएम देंगे वचुर्अल संबोधन

**जबलपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन पर जबलपुर में आज 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देव?ा, जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुजरात के नर्मदा जिले से वर्चुअल संबोधन होगा। कार्यक्रम की जोरदार तैयारियां की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 45 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना हैं7 इस आयोजन की परिकल्पना इस प्रकार की गई है कि इसमें जनजातीय समाज की संस्कृति और पंरपराओं की झलक स्पष्ट दिखाई दे।

जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में होगा, इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से लगभग 45 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। इनमें अधिकांश केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के हित में चलाई जा रही योजनाओं के हितग्राही होंगे। इतनी ब?ी संख्या में आ रहे इन हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था के लिये कार्यक्रम स्थल को 30 सेक्टरों में बांटा गया है।

#### महानायकों की प्रदर्शनी लगेगी

जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय समाज की संस्कृति और पंरपराओं तथा भगवान बिरसा मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह सहित देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जनजातीय महानायकों के जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जा रही है।



#### जनजातीय उत्पाद और व्यंजन आकर्षण होंगे

स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा लगाई जा रही इस भव्य और विशाल प्रदर्शनी में गोंड, बैगा, भील, कोल, कोरकू, भारिया और सहरिया जनजाति की संस्कृति को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने अलग-अलग गैलरी बनाई जा रही है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्र के उत्पाद एवं व्यंजन भी इस प्रदर्शनी का आकर्षण होंगे। केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा जनजातीय वर्ग के लिये संचालित योजनाओं के स्टॉल भी प्रदर्शनी में लगाये जा रहे हैं।

#### इन हस्तियों का होगा सम्मान

जनजातीय समाज के प्रमुखों तथा पद्मश्री भज्जू श्याम, पदम् श्री अर्जुन सिंह धुर्वे, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौंड, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज रागिनी मार्को और सृष्टि सिंह सहित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश एवं प्रदेश का मान बढाने वाली जनजातीय समाज की हस्तियों का सम्मान भी इस कार्यक्रम में किया जायेगा।

#### सीएम करेंगे रोड शो

देश की आजादी के लिये संघर्ष तथा शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व करने वाले जनजातीय महानायकों का स्मरण करने आयोजित किये जा रहे गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भगवान बिरसा मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह एवं टंट्या भील के चित्र पर माल्यार्पण कर करेंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पहले मुख्यमंत्री समन्वय चौक से सृजन चौक तक रोड शो में शामिल होंगे। डॉ यादव प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा कार्यक्रम में जनजातीय समाज के लिये संचालित योजनाओं के तहत हितलाभों का वितरण और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे।

#### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेगा

जनजाति गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। सिकल सेल एनीमिया तथा आदि कर्मयोगी अभियान पर केंद्रित लघु ?िल्म का प्रदर्शन भी इस अवसर पर किया जायेगा। शालिनी एप का लोकार्पण भी इस कार्यक्रम में होगा। विदेश अध्ययन छात्रवृति योजना के तहत विदेश में अध्ययनरत जनजातीय समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी कार्यक्रम में किया जाएगा।

## पश्चिमी करियापाथर शासकीय विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस

**जबलपुर।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रुप में मनाई गई7 इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों के द्वारा शाला में हमारी संस्कृति हमारे संस्कार के तहत एक कार्यक्रम शाला की प्रधान अध्यापिका श्रीमति छाया जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया7 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हम फ़ाउंडेशन के प्राताध्यक्ष जयस राठौर महाकोशल प्रांत, विशिष्ट अतिथि इन्द्रपुरी गोस्वामी अतिमहासचिव, संतोष दुबे प्रांतीय वित्त महामंत्री की उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया7 अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया7 इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, हरिश्चंद्र वर्मा,



मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरेशी, रिक्ता जेकब, सीमा तिवारी, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता, फरज़ाना बानो, अमिता कनोजिया, आदि सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## पमरे में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मेगा कैम्प

**जबलपुर।** उमंग रेल सामुदायिक भवन, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में सभी विभागों के पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एकनाथ मोहकर प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर तथा विशिष्ट अतिथिगण सुश्री मनजीत कौर प्रमुख वित्त सलाहकार, कमल कुमार तलरेजा मंडल रेल प्रबंधक एवं एस. डी. पाटीदार प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इस अवसर पर अजय कुमार दीक्षित मुख्य कार्मिक अधिकारी, सुनील टेलर अपर मंडल रेल प्रबंधक, सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारी और पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी नवीन लिटोरिया एवं के. जी. गोस्वामी तथा बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रवींद्र त्रिपाठी मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक द्वारा किया गया।

## कम्प्यूटर अवेयरनेस वर्कशॉप में दी गई ग्रामीण बच्चों को जानकारी



### बाल दिवस पर टेक उड़ान का आयोजन

**जबलपुर।** बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में बाल दिवस को एक अनोखे तरीके से मनाया गया। बाल दिवस पर कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) गतिविधि के अंतर्गत ग्रामीण विद्यालय के बच्चों के लिए एक दिवसीय 卐कंप्यूटर अवेयरनेस वर्कशॉप ड्ड टेक उड़ान卐 का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्कूल के छोटे बच्चों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी और उसकी कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। बच्चों ने इस वर्कशॉप में रुचि के साथ भाग लिया और कंप्यूटर पर कार्य करके प्रायोगिक ज्ञान भी प्राप्त किया। इस वर्कशॉप में शामिल बच्चे समर्थ सद्गुरु विद्यापीठ, सूखा गाँव से आए थे। इन बच्चों को संस्थान के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्थान के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया ने प्रशिक्षण देने वाले छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव ने सभी बच्चों को उपहार एवं मिठाई वितरित की। इस कार्यशाला का आयोजन डॉ. वंदना पाठक द्वारा किया गया, जिसमें सपन मौर्य का विशेष योगदान रहा।

## एक नेशन, एक ग्रिड का अनुशासन जरुरी: तिवारी

### मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की बैठक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शक्ति भवन, जबलपुर में आयोजित हुई। इस 18 वी बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन तथा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने की। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह बैठक मे विशेष आमंत्रित विशेषज्ञ के रुप मे उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में चेयरमैन सुनील तिवारी ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन के कारण ग्रिड कोड को समयङ्कसमय पर अद्यतन करना आवश्यक है। एक नेशन, एक ग्रिड के अनुशासन को बनाए रखने के लिए ग्रिड कोड में उपयुक्त परिवर्तन करना ग्रिड की स्थिरता तथा विश्वसनीयता के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।



चेयरमैन एवं एम डी ने देश में ग्रिड कोड जारी करने वाली संस्था पोसोको के उपस्थित प्रतिनिधि से आग्रह किया कि स्टेट ट्रांसमिशन यूटिलिटी, जो एक रेगुलेटरी वाडी भी है, द्वारा सुझाए गए उपायों को संज्ञान में लिया जाए। उन्होंने कहा कि आज औद्योगिक क्षेत्रों में भी ट्रांसमिशन नेटवर्क की सुरक्षा हेतु अत्याधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं, अत: ग्रिड कोड लागू करते समय इन आधुनिक प्रणालियों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

#### ग्रिड अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका : सिंह

जेनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के अनुरूप स्थिर एवं विश्वसनीय विद्युत उत्पादन सुनिश्चित कर ग्रिड अनुशासन बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत की। साथ ही, उन्होंने उत्पादन केंद्रों से ट्रांसमिशन नेटवर्क तक निर्बाध विद्युत प्रवाह और ग्रिड अनुशासन को मजबूत करने हेतु समन्वय एवं तकनीकी सुधारों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में 17 वी बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, फंक्शनल कमेटियो की कार्यवाही पर विचार, विद्यमान रेगुलेटरी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा तथा अन्य तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत विमर्श किया गया। चेयरमैन ने ग्रिड संचालन, सुरक्षा तथा विनियमों के प्रभावी पालन हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

#### सदस्यों ने साझा की जानकारियाँ

बैठक के दौरान ओ.सी.सी. के अध्यक्ष एवं राज्य भार प्रेषण केन्द्र के मुख्य अभियंता प्रदीप सचान, सहित अन्य सदस्यों ने नवीन जानकारियाँ और सुझाव साझा किए। बैठक के समन्वयक, रिव्यू कमेटी के सदस्य सचिव एवं मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड ने बैठक का संचालन किया।

## उड़ने दो परिंदो को अभी शोख हवा में फिर लौटकर बचपन के जमाने नहीं आते

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल द्वारा संचालित शाला डब्ल्यू. एस. ई. सी. में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती पूनम खत्री तलरेजा, उपाध्यक्षा डॉ. आभा रानी आनंद, उपाध्यक्षा श्रीमती सुनीता टेलर, सचिव श्रीमती मधु सिंह व विशेष अतिथि श्रीमती निकीता जयपुरियार व समिति की अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। इस उपलक्ष में शाला की शिक्षिकाओं द्वारा मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया




जिसका सभी छात्र-छात्राओं ने आनंद उठाया। किंडर गार्डन से लेकर कक्षा दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों को जीत स्काई प्लेनेटोरियम के माध्यम से 3डी वातावरण में पूरे ब्रह्मांड, विज्ञान, सोलर सिस्टम, चंद्रयान, सूर्य, पृथ्वी, विलुप्त प्राणी, से संबंधित जानकारी ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से दी गई जो मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धक रही। इस अवसर पर शाला प्राचार्या श्रीमती आशा अवस्थी ने कहा कि बच्चें देश का भविष्य हैं उनकी सेहत ऊर्जा भरी होनी चाहिए। अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद अर्पित किया गया।

## बैक करते ट्रक ने बाईक को टक्कर मारी, पति पत्नी घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत कटंगी रोड उपसरपंच रेस्टोरेंट के पास एक ओपन बॉडी ट्रक चालक ने अचानक अपना ट्रक पीछे बैक किया और एक बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें सवार दोनों पति पत्नी बाईक सहित नीचे गिर गए7 गिरने से पत्नी के सिर पर मामूली चोटें आई है वहीं उसके पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनमोल नगर गोहलपुर निवासी 33 वर्षीय श्रीमति लक्ष्मी लोधी का पति मेघराज लोधी, शैलेंद्र यादव के खेत व मकान की रखवाली करते है7 गत रात लगभग 11.30 बजे लक्ष्मी लोधी अपने पति मेघराज लोधी के साथ बाईक क्रमांक एमपी 20 जेड आर में पीछे बैठकर खेत की रखवाली करने कटंगी बायपास तरफ जा रही थी7 कटंगी रो? उपसरपंच रेस्टोरेंट के पास रात लगभग 12.05 बजे पहुँचे तभी एक ओपन बॉडी ट्रक क्रमांक यूपी 81 ए एफ 0366 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए अचानक अपना ट्रक पीछे बैक किया और पति की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे दोनों मोटर सायकल सहित गिर गये, पति को जब? एवं सिर में चोटें आई और लक्ष्मी को सिर में मामूली चोटें आई है।

## नक्षत्र नगर में चोर ने लगाई सेंध, 50 हजार नगद सहित सोने के जेवर चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत नक्षत्र नगर फेस 2 में फिर चोरी की वारदात सामने आई है7 यहां फिर एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए7 बताया गया है कि यहां रहने वाले नरेंद्र गोस्वामी विदेश यात्रा पर गए है और घर पर लगे पेड़ पौधों में पानी डालने और घर की रखवाली के लिए चाबी दामाद को दे गए थे। इस बीच सूने घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्षत्र नगर फेस 2 निवासी नरेंद्र गोस्वामी देश से बाहर है7 नरेंद्र अपने दामाद शारदा मंदिर के पास नई बस्ती निवासी 32 वर्षीय विवेक दुबे को घर की चाबी देकर गए थे। विवेक ससुर के घर में लगे पेड़ पौधों में पानी डालने के लिए रोज जाते थे। गत सुबह लगभग 9 बजे विवेक को फोन पर चोरी की सूचना मिली, सूचना मिलते ही उसने अपने ससुर नरेंद्र गोस्वामी को घटना की जानकारी दी, तो उन्होंने बताया कि आलमारी के लॉकर में नगदी 50 हजार रूपये, सोने की 2 चैन रखीं थीं7 विवेक ने आलमारी का लॉकर चैक किया तो 50 हजार नगदी एवं सोने की चैन अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे7 सीसीटीव्ही चैक करने पर अज्ञात आरोपी जो अपने मुंह में नकाब पहने था घटना दिनांक को तड़के 4 बजे घर में प्रवेश करते दिख रहा है। ससुर के पास सीसीटीव्ही का आनलाईन एक्सेस है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

» न्यूज कैप्सूल »

### नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी है कि बीती 8 सितम्बर को वह अपनी पत्नी, दोनों पुत्र व दोनों पुत्रियों के साथ खेत पर मजदूरी करने गये हुये थे। उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। मजदूरी करके जब वह शाम को 6 बजे घर लौटा तो उसने देखा कि उसकी 16 वर्षीय पुत्र घर में नहीं थी। आस-पड़ौस व रिश्तेदारी में पूछताछ करने पर भी उसकी पुत्री की जानकारी नहीं हुयी। आरोप है कि मध्य प्रदेश के जिला सागर के थाना बांदरी अंतर्गत ग्राम मुडली निवासी दीपक अहिरवार पुत्र देशराज उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दीपक अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अज्ञात व्यक्ति पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्रांतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गुरूवार को अपराह्न 3 बजे उसकी 23 वर्षीय पुत्री बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। आरोप है कि काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसका फोन लगाया, लेकिन नम्बर बंद आ रहा है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति उसे शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पिकअप की टक्कर से भैंस की मौत पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी राजेश पुत्र धनीराम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 7 अक्टूबर कोरात करीब 8.30 बजे ग्राम चन्द्रापुरा में उसकी तीन भैंस चरते हुये रोड पर आ गयी। उसी समय ग्राम ऐवनी निवासी अमित यादव पुत्र अनेक सिंह ने अपनी पिकअप नम्बर यू.पी. 94 टी 9443 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये भैंसों को टक्कर मार दी, जिससे उसकी एक भैंस मौके पर ही मर गयी, एक भैंस घायल हो गयी। बताया कि अमित यादव ने भैंसों की भरपाई के लिए गांव में एक पंचायत की थी, जो कि विफल रही। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 325 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सरिया से मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रामनगर नेशनल हाईवे 44 पर रहने वाजले अमित रैकवार पुत्र घनश्याम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गौरीशंकर के मकान पर दो वर्षो से किरायेदार बृजेश साहू के यहां चौकीदारी का काम करता है। बताया कि 13 नवम्बर को शाम करीब 5 बजे वह अपने मकान पर बैठा था, तभी गौरीशंकर मकान मालिक आये, तो तालाबपुरा निवासी रामबाबू, शशिशंकर चौबे पुत्रगण स्व.रामकृष्ण एकराय होकर आये और सरियों से दोनों लोग गौरीशंकर को पीटने लगे। इसी बीच बृजेश साहू, राजेश साहू व नीरज अहिरवार गौरीशंकर को बचाने लगे। आरोप है कि उसे भी जान से मारने की नीयत से हमला करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### रास्ते में रोकते हुये मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कलोथरा निवासी केहर सिंह पुत्र नारायण सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 13 नवम्बर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने भतीजे तेज सिंह पुत्र मंगल सिंह के साथ ललितपुर से वापस अपने गांव मोटर साइकिल से जा रहा था। तभी गोविन्द सागर बांध के पूछा पर बृजेन्द्र पुत्र चाली राजा उर्फ वीरेन्द्र सिंह, राहुल उर्फ साहिल पुत्र रगुराज व कुछ अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। हमले में उसके भतीजे तेज सिंह के सिर में चोट आ गयी और धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### गल्ला मंडी से बाइक चोरी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** आजादपुरा द्वितीय में रहने वाले आनंद कुमार झां पुत्र मुकेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने अपनी टीवीएस मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 आर 0893 को 12 नवम्बर की शाम 4 बजे पिता मुकेश की गल्ला मंडी स्थित दुकान के सामने खड़ा कर दिया था। बताया कि वह पिता की दुकान पर व्यस्त हो गया। कुछ समय बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो उसकी बाइक नहीं थी। उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो मंडी में कैंटीन चलाने वाले भरत कोरी का साला मोनू उर्फ सोनू उर्फ भैया ने उसकी मोटर साइकिल को चोरी कर लिया। मामले की सूचना उसी समय चौकी पुलिस को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पुलिस ने पीड़ति की तहरीर पर बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बिहार विधानसभा चुनाव की अप्रतिम जीत पर भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने किया हर्ष व्यक्त

**ललितपुर।** बिहार विधानसभा में एन डी ए की असाधारण अभूतपूर्व जीत पर आज भारतीय जनता पार्टी की ललितपुर इकाई ने तुवन चौराहे पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में जश्न मनाया।जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने आकाश को गुंजित करने वाली नारेबाजी की।इस अवसर पर खूब आतिशबाजी की गई और मिष्ठान बांटकर एक दूसरे को बधाई दी गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की बिहार की जीत हमारे कार्यकर्ताओं की लगन, साहस, रणनीतिक कौशल,और पार्टी के प्रति ध्येय निष्ठा पर विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि हम लोग अपने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर समाज के विभिन्न वर्गों में काम कर रहें हैं।जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अगला मिशन उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनवाने का है और उत्तर प्रदेश में बहुमत से दो हजार सत्ताईस में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह एड,नगर पालिका अध्यक्ष श्री मती सोनाली जैन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, महेश श्रीवास्तव भैया,शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, पूर्व चेयरमैन रजनी साहू,

वरिष्ठ पत्रकार रवीन्द्र दिवाकर ,शिक्षक नेता छक्की लाल साहू,डा राजकुमार जैन,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष वृजमोहन संज्ञा, ई गिरजा



शंकर दुबे,किसान नेता सुरेश टोंटे, व्यापारी नेता सुबोध शर्मा, डा रामगोपाल साहू, डा अनुपमा पुरोहित, डा मनवीर सिंह तोमर,डा दीपक चौबे, डा विजय दुबे,डा तेजस्व श्रीवास्तव,डा रानी साहू,संतोष कुशवाहा, मोहन लाल रैकवार,डा आकाश पुरोहित

डा राजेन्द्र साहू, व्लाक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य मानसिंह यादव,अशोक साहू अजय जैन साईकिल,रुचिका बुन्देला, जिला उपाध्यक्ष हरी सिंह बुंदेला, बसंती लारिया,किरण सेन,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, रजनी अहिरवार, गौरव चौधरी राजेश लिटौरिया, ध्रुव सिंह सिसौदिया, विशाल रावत, कमलापति रिछारिया, अवतार सिंह लोधी, दीपक पाराशर, संदीप सिंह बुंदेला, रुपेश साहू, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नरेंद्र कड़की,महामंत्री गण मनोज खटीक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा, बीणा जैन, ऋतु समाधियां, सुनीता पंथ, रामरती रैकवार, रानी जहां, राखी ताम्रकार, बन्दना तिवारी, अंकुर शानू बाबा, अज्जू बाबा, संजय रसिया, अनुज शर्मा, रोहित रावत, संघ कार्यकर्ता विवेक बोहरे एड, शीतल सिंह लोधी, भरत श्रीवास्तव,कुंजन सिंह लोधी एड, मनीष सड़ैया, डा तेजस्व श्रीवास्तव, जीतू राजा प्रधान, विवेक जैन, राजदीप जैन,विजय सिंह प्रधान कुंआतला, अमित तिवारी, ई पुनीत पाण्डेय, अजय नायक सिंदवाहा, शीतल सिंह लोधी, आनन्द देवलिया, संजय अहिरवार, मौसम नायक, जगभान सिंह लोधी, जगदीश सिंह लोधी, रुपेश साहू शिक्षक, हरीराम राजपूत शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# जुगपुरा में सड़क निर्माण पर जोर , नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

### मां अहिल्याबाई स्कूल के पीछे जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन



**ललितपुर।** नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने शुक्रवार को वार्ड नं.8 जुगपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद उदय प्रताप सिंह, पालिका कर्मचारी व जल संस्थान के अधिकारी मौजूद रहे। वार्डवासियों से उनकी समस्याओं को सुना व उनसे वार्ता की गई, जिस पर मोहल्लेवासियों द्वारा सड़क, पानी, नाली, लाईट की समस्याओं सहित जल निगम द्वारा खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराये जाने की मांग की। नपाध्यक्ष ने समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को नोट कराते हुए जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण के निर्देश दिये। वहीं स्वास्थ्य नायक से स्पष्टीकरण तलब किया। जुगपुरा में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता, खाली पड़े प्लाटों में पानी व कचरा भरा पाया गया। इसके अलावा गलियों में भी व्याप्त गंदगी पाई गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा वार्ड में तैनात स्वास्थ नायक को कड़े निर्देश देते हुए तत्काल प्रभाव से मोहल्ले वासियों की समस्याओं का समाधान कराने व जियो टेग सहित फोटोग्राफ शाम के 04 बजे तक उपलब्ध कराये जाने हेतु कहा गया। इसके उपरांत एक गली में कूड़ा डला पाया गया, जिस पर अध्यक्ष द्वारा डोर टू डोर कचरा वाहन भेजे जाने वाली संस्था दीक्षाक से वाहनों को डोर टू डोर भेजने के सख्त निर्देश दिये। कहा कि यदि मोहल्लेवासियों द्वारा फिर से शिकायत की जाती है तो इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें। लोगों ने सड़क, नाली सहित पुलिया क्षतिग्रस्त होने की समस्याएं बतायीं, जिस पर नपाध्यक्ष ने जेई खुशबू एवं निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार को समस्त सड़कों, नालियों व पुलिया क्षतिग्रस्त सम्बन्धी सभी समस्याओं को नोट करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। कई गलियों में सड़क पर पत्थर रखकर अतिक्रमण एवं नालियों पर अतिक्रमण पर नजूल लिपिक को निर्देशित किया। कहा गया कि वार्ड में क्षतिग्रस्त समस्त पुलिया व चैम्बरों की सूची तैयार कर उपलब्ध करायें व इन सभी का स्टीमेट तैयार किया जाये, जिससे कि इन सभी की मरम्मत कराई जा सके। स्ट्रीट लाईटें खराब पाई गई, जगह-जगह खंबों पर लाईटें नहीं पाई गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा मुख्य स्टोर लिपिक को स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं जिन स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था नहीं है उन सभी स्थानों को चिन्हित करते हुए स्ट्रीट लाईटें लगाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया गया कर्मचारियों की टीमें बनाकर समस्त वार्ड में खाली पड़े विद्युत पोल व खराब पड़ी स्ट्रीट लाईटों की आख्या से अवगत कराये एवं प्रकाश व्यवस्था तत्काल प्रभाव से दुरूस्त कराये।

### वार्ड नंबर 01 व 03 के स्वास्थ्य नायकों से स्पष्टीकरण तलब

अध्यक्ष ने 12 नवम्बर 2025 को वार्ड नंबर 01 मोहल्ला सिद्दनपुरा व 13 नवम्बर 2025 को वार्ड नंबर 03 मोहल्ला नेहरू नगर में किये गये निरीक्षण के दौरान मोहल्ले में जगह-जगह गंदगी, सड़कों पर जलभराव की समस्या एवं खाली प्लाटों पर कूड़े के ढेर, खाली प्लाटों में कचरे को निरीक्षण के दौरान आग लगाना पाया गया, जिस पर अध्यक्ष द्वारा वार्ड नंबर 01 में तैनात स्वास्थ्य नायक अरविन्द व वार्ड नंबर 03 में तैनात स्वास्थ्य नायक राजपूत का स्पष्टीकरण तलब किया गया।

# समता व प्रयागराज एक्सप्रेस में चोरी की घटनाएं

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला भोपाल के टीटी नगर अंतर्गत 111 पंचशील नगर निवासी मदन जरेला पुत्र स्व.बलदेव जरेला ने जीआरपी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 10 अक्टूबर को वह ट्रेन नं. 12808 समता एक्सप्रेस के पीछे वाले जनरल कोच में ललितपुर से भोपाल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल फोन ट्रेन में चढने् से पहले अपनी पेंट की जेब में रख लिया था। बताया कि कुछ समय पश्चात उसका मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 30 हजार 999 रुपये थी, उसकी जेब से गायब था। आरोप है कि ट्रेन में चढ़ते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। इधर महोबा के श्रीनगर अंतर्गत बरा निवासी सोहित कुमार तिवारी पुत्र देवेन्द्र तिवारी ने जीआरपी पुलिस को बताया कि बीती 28 सितम्बर को वह ट्रेन संख्या 14116 प्रयागराज अम्बेड्कर नगर एक्सप्रेस के कोच नं. एस-1 की बर्थ नं. 78 पर महोबा से उज्जैन तक की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने एक पकड़े का बैग जिसमें 17 हजार रुपये की नकदी, कुछ रजिस्टर व इस्तमाली कपड़े बर्थ नं. 80 के नीचे रखकर रात में सो गया। रात करीब 1 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने चलती ट्रेन में देखा कि उसका बैग मौके पर नहीं था। पीड़ित के अनुसार उक्त समय ललितपुर रेलवे स्टेशन निकल रहा था। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# सीएम डैशबोर्ड की बैठक: डीएम ने खराब प्रगति वाले विभागों को सुधार न होने पर दी चेतावनी

### बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का लिया स्पष्टीकरण

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति योजना के आवेदन बड़ी संख्या में लंबित, अधिकारी को लगायी फटकार

### अगले तीन दिवसों में शत-प्रतिशत आवेदन अग्रसारित कराने के दिये निर्देश



**ललितपुर।** कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 में विभिन्न विभागों/योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक की और खराब प्रगति वाले विभागों को फटकार लगाते हुए अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये। समीक्षा में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के बड़ी संख्या में आवेदन अधिकारी की लापरवाही से विद्यालय स्तर पर लम्बित होने के कारण प्रगति खराब हुई, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को फटकार लगाते हुए आज देर रात तक उन विद्यालयों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराने और उन सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक कराकर अग्रसारण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न होने पाए, इसके लिए रविवार को भी विद्यालय खोलकर पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक लम्बित आवेदनों को शत-प्रतिशत अग्रसारित कराकर अवगत करायें। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों जिनमें तालाबों पर अतिक्रमण है, उन्हें सम्बंधित उप जिलाधिकारी के सहयोग से कब्जामुक्त करायें और उनका मनरेगा योजनान्तर्गत सौंदर्यीकरण कराया जाए। डीएम ने पीएम कृषक बीमा योजना के बीमित किसानों को कम्पनी द्वारा अब तक दी गई क्षतिपूर्ति की समीक्षा की, जिसमें कम्पनी द्वारा अपेक्षित क्षतिपूर्ति भुगतान न होने पर उप कृषि निदेशक को कम्पनी पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्हें डीएम कार्यालय तलब किया जाए। इस दौरान युवा कल्याण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम ग्रामीण, प्र.मत्स्य अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने इन अधिकारियों के स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये।

# साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण



**ललितपुर।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके पश्चात डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत अर्दली रूम का आयोजन किया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

# प्रैक्टिकल के नाम पर रुपये वसूली का आरोप, भगवान आदिनाथ डिग्री कॉलेज के स्टाफ पर लगे आरोप

### पुलिस ने पीएन इंटर कॉलेज से वसूली कर रहे युवक को हिरासत में लिया



**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम महर्रा स्थित भगवान आदिनाथ डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत करीब दो सैकड़ा छात्र-छात्राओं को बी-एड का प्रैक्टिकल देने के लिए मुख्यालय स्थित पुरुषोत्तम नारायण नगर पालिका इंटर कॉलेज (पी.एन. कॉलेज) में बुलाया गया था। यहां प्रक्टिकल देने आये छात्र-छात्राओं ने कुछ समय पश्चात ही हंगामा कर दिया। हंगामा करते हुये छात्र-छात्राओं ने प्रैक्टिकल देने के नाम पर प्रति छात्र या छात्रा 1500 रुपये की अवैध तरीके से मांग किये जाने और कई छात्र-छात्राओं से वसूली किये जाने के गंभीर आरोप लगाये। सूचना मिलने पर पुलिस पी.एन. इण्टर कॉलेज पहुंची, जहां से उन्होंने अंकित जैन नाम के युवक को रंगे हाथों धर दबोचा। पत्रकारों व छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में पकड़े गये अंकित जैन नाम के युवक पर आरोप लगाया गया कि कई विद्यार्थियों से नकद और कई विद्यार्थियों से ऑनलाइन रुपये वसूल किये गये। जब पत्रकारों ने उक्त युवक से पूछा कि प्रक्टिकल में किस बात के रुपये मांग रहा है, तो उसके पास कोई जवाब नहीं था। पूरे प्रकरण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी जमकर हंगामा काटा। वहीं कोतवाली पहुंचने पर विद्यार्थियों द्वारा उक्त युवक के खिलाफ तहरीर दिये जाने की प्रक्रिया चल रही थी।

# चार पहिया गाड़ी व पांच लाख रुपये की मांग

### बहू को प्रताड़ति कर घर से निकाला, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी के थाना ओरछा अंतर्गत ग्राम बनगांय निवासी बबीता पुत्री रामेश्वर ने थाना पूराकलां पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 में पूराकलां के ग्राम कंधारीकलां निवासी संजीव पुत्र सुखराम से हिन्दू रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुयी थी। आरोप है कि शादी में दिये गये उपहार के चलते ससुरालियों में पति संजीव, ससुर सुखराम, सास सुखवती, ननद सपना खुश नहीं थे। 2 से 5 लाख रुपये व एक चार पहिया वाहन की मांग कर रहे थे। जब उसके पिता ने असमर्थता व्यक्त की तो उक्त लोगों ने उसे प्रताड़ति किया और आए दिन मारपीट करने लगे। आरोप है कि ससुरालियों ने उसकी शादी के सभी सबूत जला दिये और शादी का वीडियो तोड़ते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विगत दिनों ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की, जिसके बाद उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस आने पर उक्त लोगों ने उस पर गहने चोरी का आरोप लगा दिया।

» न्यूज कैप्सूल »

## कुशवाहा मित्र उत्थान समिति ने किया छात्र छात्राओ सम्मानित

**झांसी।** बाल दिवस के शुभ अवसर पर कुशवाहा मित्र उत्थान समिति के तत्वावधान में अंशभि कोचिंग सेंटर के में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र और छात्राओ को मेंडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री दीपमाला कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्षा अपना दल एस. महिला मंच रही विशिष्ट अतिथि लखन कुशवाहा सभासद नगर निगम ,हेमंत कुशवाहा टेकनिशियन मध्य रेल रहे। अध्यक्षता अंशभि कोचिंग सेंटर की संचालिका वर्षा कुशवाहा ने की। अंश ,अभि,जय,किरन,

रोहन ,संस्कृति, परी सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलित कर अतिथि दारा किया गया। अतिथियों दारा शिक्षा पर जोर दिया गया। हाईस्कूल में कशिश 85:,अदीबा 86:, आकृति 85:,वैष्णवी 81:,प्रथा 80:, नव्या 79:, अंशी 77:,जीत 77:,लोकेश 75:,शैलेंद्र 73:,देव 70:,कहकशा 70:,करन 69:,रवि66:,आदित्य 63:तथा इंटरमीडिएट में टॉपर विनय 77:,अंजलि 68:,पलक 67:, पलक जैदी 63:, हिमांशु 61: रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री किशोरीलाल कुशवाहा ने किया। अंत में आभार कोचिंग सेंटर की संचालिका वर्षा कुशवाहा ने व्यक्त किया।

## राजकीय महाविद्यालय बाल दिवस का हुआ आयोजन

**झांसी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय गणेशपुरा बबीना में बाल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रथम सत्र के नवप्रवेशित छात्र छात्राओं ने बड़ चड़कर हिस्सा लिया व अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर केक काटा गया। प्राचार्य डॉ हीरालाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा करिश्मा यादव एवं छात्र राज सिंह जादौन ने किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय अध्यक्ष डॉ. बारीष द्विवेदी ने पंडित नेहरू के जीवन चरित्र पर अनुकरणीय विचार रखे, जबकि प्राचार्य डॉ हीरालाल ने पंडित नेहरू के विशिष्ट पहलुओं पर अपने उदगार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं नीतू ,करिश्मा, नंदिनी, प्रिया, शिवानी, दर्शना, रोशनी,राज, अंकित रवि आदि अनेक छात्र छात्राऐं उपस्थित रहीं ।अंत में छात्र संचालक राज सिंह जादौन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भानी देवी गोयल स्कूल में बाल मेला सम्पन्न

**झांसी।** भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में संचालित बीडीजी शिशु वाटिका में चाचा नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेले का उड्‌द्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य छत्रसाल स्वर्णकार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में छोटे बच्चों द्वारा अक्षरों, फलों एवं सब्जियों के चित्र बनाकर रेम्प वॉक किया। मेले में बच्चों द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थों की दुकानें लगायी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य के अतिरिक्त शिशु वाटिका की कोर्डिनेटर श्रीमती रूचि सक्सेना, आचार्या सरिता शर्मा, कंचन नगाईच, सारिका गुप्ता, रीना कुशवाहा, मधु सिंह, नमिता लिटौरिया, सुधा वर्मा, मेघा श्रीवास्तव, खुशी भदौरिया, सुखी, यशोधरा साहू, आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन राहुल खाण्डेकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुरेश गोस्वामी ने किया। बाल मेले में विद्यालय के समस्त आचार्य बन्धु एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रमुख हरिश्चन्द्र गुप्ता ने दी।

## भाजपा ने इलाइट चौराहे में मनाया बिहार चुनाव में जीत का जश्न



**झाँसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली बंपर जीत के बाद इलाइट चौराहे पर जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार की अध्य क्षता में जश्न मनाया गया। सांसद अनुराग शर्मा, महानगर अध्यक्ष हेमंत परिहार, विधायक रवि शर्मा, रामा निरंजन, बाबूलाल तिवारी जमुना कुशवाहा ,प्रदीप सराओगी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने नारेबाजी करते हुए जीत पर खुशी जताई। एक दूसरे का मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार ने कहा कि बिहार में मिली भारी जीत से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है। कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताकर भारी बहुमत से जीत दिलाई है। कहा कि बिहार के चुनाव का असर 2027 में उत्तराखंड में होने वाले चुनाव में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। संतोष सोनी,अंकुर दीक्षित,अखिलेश गुप्ता,विकाश कुशवाहा,राजेश पाल,राकेश पाल,मनमोहन गेडा,नीता अवस्थी,रतन कुशवाहा,लखन कुशवाहा,संजय लॉन्गसन।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियां शुरू, 29 विभागों को दिए निर्देश

### जनपद में उत्तर भारत की पहली मत्स्य प्रसंस्करण की इकाई होगी स्थापित



**झांसी।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक ली जिसमें उद्योगपतियों, व्यापारी एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अध्यक्षता करते हुये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 की तैयारियों को जल्द से जल्द अंतिम रूप दे ताकि जनपदवार आवंटित लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता बुन्देलखण्ड के चहुंमुखी विकास पर केन्द्रित है, अनेकों योजनायें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के उद्य मियों को प्राप्त हो ताकि बुन्देलखण्ड में उद्योगों के सृजन में तेजी आए और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समुचित लाभ क्षेत्र के बुंदेलखंड क्षेत्र के उद्यमियों को मिले, इसे अवश्य सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने बैंकर्स को अपने कार्यो की स्वयं समीक्षा करने का सुझाव दिया ताकि उद्यमियों को योजनाओं का लाभ और उद्योग स्थापन हेतु ऋण प्राप्त हो सके, उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न लाभकारी योजनाओं के अतिरिक्त मुख्यमन्त्री युवा उद्यमी विकास अभियान के आवेदन बैंकों में अनावश्यक रूप से लंबित है यह स्थिति स्वीकार योग्य नहीं है, उन्होंने तत्काल ऐसे आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें ताकि युवा उद्यमियों को रोजगार स्थापित करने में सहयोग मिल सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 के आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी 29 विभागों को शासन द्वारा दिए गए निवेश के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सहयोग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद झाँसी का जीबीसी 5.0 का लक्ष्य 16000 करो? का है जिसमें 01अप्रैल 2025 तक 1497 करो? के 61 एम0ओ0यू0 कर लिए गए हैं, उन्होंने निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए अधिकारियों को संवेदनशील और उद्योगपतियों से सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में अध्यक्ष बुन्देलखण्ड चौंबर ऑफ कॉमर्स श्री धीरज खुल्लर, सचिव श्री अमित सिंह, सदस्य अतुल अग्रवाल किल्पन ने भी उद्योगों इसकी सृजन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस मौके पर एडीएम प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल, एसपी सिटी सुश्री प्रीती सिंह ,अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता,उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी,मनमोहन गेढां,संजय गुप्ता, अतुल जैन, सहित अन्य उद्यमी व्यापारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों ने मनाया बाल दिवस

**झाँसी।** बाल दिवस के अवसर पर अक्षय जन सेवा समिति ने बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। समिति अध्यक्ष सविता पचौरी ने बताया कि बच्चों को उपहार दिये। बच्चे उपहार पाकर अत्यंत आनंदित हुए। वहीं समिति अध्यक्ष ने बाल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि नेहरू जी को भारत के नौनिहालों से काफी प्यार था और बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। बता दें कि समाजसेवी संस्था द्वारा पिछले कई वर्षो से बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा,शिक्षण सामग्री दी जा रही है जो कदम काफी सराहनीय है। इस दौरान इंजी मयंक श्रीवास्तव, अरुण पचौरी, डागौर मोहन यादव, मनोज पाठक, विवेक गोस्वामी, संजीव विश्कर्मा, रिंकी कुशवाहा,पूनम अवस्थी, ज्योति अग्रवाल, प्रीति रायकवार, अनिल विश्कर्मा, अनिल जायसवाल, नीलू कौशल,हेमंत कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## एचआईवी एड्स जागरूकता शिविर सम्पन्न




**झांसी।** नाकों भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की सुपरविजन में, डॉ. पी0 के0 कटियार प्रमुख मंडलीय अधीक्षक और डॉ सुधाकर पाण्डेय मुख्य चिकित्साधिकारी एवं डॉ यू एन सिंह जिला क्षय रोग अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ एस के गुप्ता संपूर्ण सुरक्षा नोडल अधिकारी एवं दिशा क्लस्टर की पहल पर एक सामान्य स्माल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन काली माता मंदिर लक्ष्मी गेट बाहर में किया गया। सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ एमएलसी श्रीमती रमा आर पी निरंजन ने फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मंडलीय अधीक्षक डॉ पीके कटियार, जिला चिकित्सालय उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ अंशुमान तिवारी, डॉ एस के गुप्ता नोडल अधिकारी की उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एलसी रमा आर पी निरंजन दुवारा आम जन मानस को शिविर के माध्यम से दी जा रही सेवाओ का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की बात की। कार्यक्रम का संचालन डॉ एस के गुप्ता संपूर्ण सुरक्षा नोडल अधिकारी ने किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक ने आमजन मानस को टीबी के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में अवधेश कुमारी पटेल एसटीआई परामर्शदाता ने यौन संचारित रोगों एवं समस्याओ के बारे में लोगो को बताया। अंकित मिश्रा संपूर्ण सुरक्षा परामर्शदाता ने शिविर में उपस्थित सभी लोगो को एचआईवी एड्सके साथ साथ हेपेटाईटस-बी और सी के बारे में जानकारी दी। शिविर स्माल सामान्य स्वास्थ्य शिविर में दिशा क्लस्टर से शेलेन्द्र यादव सीएसओ, अर्श से सिवेंद्र प्रताप सिंह, अंकित मिश्रा, मनोज प्रजापति, अनिल कुमार गुप्ता, चांदनी सौनाकिया, नरेन्द्र, परमार्थ समाज सेवी संस्थान से माधव, शिवानी, जिला क्षय रोग सेंटर से रूपेश नामदेव डीपीसी, डॉ रेनू तरैया डॉ प्रदीप अग्रवाल आदी उपस्थित रहें।

## भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई



**झांसी।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती मनाई। उक्त अवसर पर नि वर्तमान प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने उन्होंने सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सुधारों की एक महत्वाकांक्षा योजना शुरू की जिससे भारत एक अलग दिशा में ब?ा। शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आज जयंती है जो पूरे भारत में बाल दिवस के रूप में भी मनाई जाती है बाल दिवस भारत में बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता ब?ाने के लिए मनाया जाता है बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कह कर बुलाते थे पंडित नेहरू को भी बच्चों से बहुत प्यार और लगाव रहता था उन्होंने हमेशा कहा कि आज के बच्चे ही कल का भारत है इन्हें प्यार, शिक्षा और समझदारी के साथ ही ब?ाना सच्चा राष्ट्र निर्माण है। उक्त अवसर पर राजकुमार सेन अमीरचंद्र आर्य अशोक कंसोरिया डॉक्टर काशीराम भिटौरिया एम सी वर्मा वीरेंद्र सिंह कुशवाहा अशोक ,राजकुमार फौजी उमा पाठक विजय कुमार जैन राजेश रानी स्टेला मासीह संकल्प अग्रवाल दिनेश कुमार वर्मा अतर सिंह विकास कुशवाहा पवन तिवारी दिव्यांश चौधरी समेत अनेकों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## खेल कूद प्रतियोगता में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया




**झांसी।** टेंडर हार्टस स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि अजय कुमार मिश्रा सेक्रेटरी जेडीसीए एवं संजय सहानी कोषाध्यक्ष जेडीसीए प्रबंधक सक्षम मिश्रा, प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम मिश्रा, समस्त अध्यापिकाएं मौजूद रही ।सभी प्रतिभागियो ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ जैसे योगा, पी.टी. ड्रिल, मार्चपास्ट बैडमिंटन मैन्च, हूला.हूप ड्रिल तथा विभिन्न प्रकार की दौड़ो में बड़चड़कर हिस्सा लिया। अतिथियो ने विजेताओ को मेडल प्रदान कर प्रतिभागियों का उत्साह बड़ाया। अंत में प्रबंधक सक्षम मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजित



**झांसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज में अंतर महाविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच चार महाविद्यालयों के बीच खेले गए। प्रथम मैच बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय बनाम अग्रसेन महाविद्यालय के मध्य खेला गया, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय ने लक्ष्य का पीछा करते हुए रोमांचक जीत हासिल कर लिया और अपने आप को फाइनल में सुरक्षित रखा। टॉस जीतकर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय ने मैच की शुरुआत की एवं 20 ओवर में 195 रन का स्कोर स्थापित किया। जिसमें सर्वाधिक सात्विक तिवारी ने 37 बाल में 63 रन बनाये एवं एक विकेट लिया। बुन्देलखण्ड महाविद्यालय की टीम 195 रन का पीछा करते हुए 179 रन पर सिमट गयी तथा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की टीम 16 रन से विजयी हुयी। प्लेयर ऑफ द मैच सात्विक तिवारी रहे। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरविन्द कुमार, एस.पी. ग्रामीण,जे.पी. पाल, थाना नवाबाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेक कुमार वाजपेयी, सचिव पुरातन छात्र समिति, बी.के.डी. कॉलेज, अनिल रिछारिया एवं बुन्देलखण्ड महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस.के. राय साथ में उप-प्राचार्य प्रो. जितेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी से सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. बृजेश मिश्रा, प्रो. नवेन्द्र सिंह, डॉ. शिव प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. संतोष रानी, डॉ. उमेश चन्द्र यादव, डॉ. विवेक कुमार सिंह, डॉ. रहीस अली, डॉ. रामनारायण, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. अंकित कुमार नायक, डॉ. वन्दना कुशवाहा, डॉ. दीपा सिंह, एवं कीड़ा समिति के सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं समस्म कर्मचारी मौजूद रहे। सचिव डॉ. ए.पी.एस. गौतम व राहुल कुशवाहा ने आयोजन को अच्छे से संचालित किया।

## बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**झांसी।** कुलदीप सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वराज स्वामी वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी अध्यक्षता एन आर सिंह संस्थापक कुलदीप ग्रुप ऑफ इन्स्ट्रीट्यूशन्स विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलदीप सिंह निदेशक कुलदीप पुप ऑफ इन्स्ट्रीट्ड्यूशन्स उपस्थित रहे। विद्यालय में बाल मेला के कार्यक्रमों का शुभारम्भ माननीय अतिथियों द्वारा मी सरस्वती एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की श्रृंख्ला में अनेक गीत डास भाषण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न गेम्स के स्टाल लगाये गये जिनका समस्त अतिथियों एवं दर्शकों ने लुत्फ उठाया। समापन अवसर पर मेले का विशेष आकर्षण का केन्द्र बम्बर लकी ड्रा रहा जिसमें संजय पटवारी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा प्रथम पुरुस्कार कक्षा 5 के छात्र नैतिक को साउण्ड सिस्टम, द्वितीय पुरूस्कार चार कुर्सी टेबिल कक्षा 9 के छात्र चेतन कुशवाहा को अमित सेठ द्वारा एवं तृतीय पुरुस्कार स्मार्ट वाँच कक्षा नर्सरी की छात्रा काव्या अहिरवार को श्रीमती विमल सिंह प्रबन्धिका कुलदीप ग्रुप ऑफ इन्स्ट्रीट्यूशन्स द्वारा प्रदान किया गया एवं साथ ही विभिन्न सांत्वना पुरुस्कार भी अतिथियों द्वारा प्रदान किये गये। संचालन उपप्रधानाचार्य अमृता एवं आभार कुलदीप सिंह दांगी ने व्यक्त किया।

## तथ्य छिपाकर बनवाये वारिसान प्रमाण पत्र को किया निरस्त

**झांसी।** उप जिलाधिकारी गोपेश तिवारी ने बताया कि मोहम्मद अनीस पुत्र स्व0 मोहम्मद रसूल निवासी 208 अन्दर उन्नाव गेट के द्वारा दिनांक 17 अगस्त 2024 को शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया कि मोहम्मद अनीस के माता-पिता की मृत्यु के उपरान्त उन्हें दिनांक 16 अगस्त 2023 को वारिसान प्रमाण पत्र जारी किया गया, मो0 अनीस के पिता की फर्जी पत्नी बनकर यदि कोई नया आवेदन करता है तो आवेदन को स्वीकार न किया जायें, क्योंकि मोहम्मद अनीस के माता-पिता की मृत्यु के उपरान्त प्रार्थी की कोई दूसरी माँ नहीं है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि मोहम्मद अनीस के प्रार्थना पत्र पर प्रकरण की स्थलीय जांच करायी गयी, जिसमें शिकायतकर्ता मोहम्मद अनीस एवं विपक्षी मोहम्मद रईश राईन द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्य, शपथ पत्र एवं अंकित बयान में यह तथ्य स्पष्ट हुये कि मोहम्मद रसूल खान की मृत्यु दिनांक 17 जून 2011 को हो चुकी है। मृतक मोहम्मद रसूल खान की दो पत्नियां जुबैदा बेगम एवं मुन्नी थी, जिसमें एक पत्नी जुबैदा बेगम की मृत्यु हो चुकी है। मृतक के दो पुत्र मोहम्मद अनीस एवं मोहम्मद रईश राईन तथा एक पुत्री सितारा है। शिकायतकर्ता (मो0 अनीस) एवं विपक्षी (मो0 रईश राईन) दोनो सगे भाई है। शिकायतकर्ता मो0 अनीस पुत्र मो0 रसूल खान निवासी 208 अन्दर उन्नाव गेट झांसी द्वारा तथ्यों को छिपाकर पूर्व में वारिसान प्रमाण पत्र हेतु आवेदन कर मृतक (मो0 रसूल) की दूसरी पत्नी श्रीमती मुन्नी को शामिल न करते हुये 16 अगस्त 2023 को उप जिलाधिकारी कार्यालय झांसी से पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र जारी करा लिया गया, जिसे विधिक एवं न्याय संगत प्रक्रिया के आधार पर तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
**संपादकः बालेन्द्र गुप्ता** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946